# NSS 2020-21 REPORT

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## बिलासपुर (रामपुर)

## राष्ट्रीय सेवा योजना

मान्यवर,

अत्यन्त हर्ष के साथ आपको सूचित किया जाता है कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाविद्यालय की *'राष्ट्रीय सेवा योजना'* की छात्र एवं छात्रा इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर

## "कौशल विकास हेतु युवा"

का आयोजन दिनाँक 15/02/2021 से 21/02/2021 तक छात्र इकाई का ग्राम पंजाब नगर एवं छात्रा इकाई का ग्राम मुल्लाखेड़ा, तह. बिलासपुर, जनपद रामपुर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन दिनांक 15/02/2021 को पूर्वाह्न 11:30 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0यादव के कर-कमलों द्वारा होगा।

अतः आप से निवेदन है कि उक्त अवसर पर उपस्थित होकर शिविरार्थियों, ग्रामीणजनों एवं आयोजकों का उत्साहवर्धन कर अनुग्रहीत करें।

**कार्यक्रम अधिकारी**
डा0 शिवओम शर्मा (छात्रवर्ग)
डा0 वन्दना राठौर (छात्रावर्ग)

**प्रधानाचार्य/संरक्षक**
प्रो0 (डा0) आर.पी. यादव

## बौद्धिक गोष्ठी कार्यक्रम विवरण विशेष शिविर

| दिनांक/दिन/समय | कार्यक्रम विवरण | सम्मानित प्रतिनिधि एवं अतिथिगण |
|---|---|---|
| 15/02/2021 सोमवार पूर्वाह्न 11:30 बजे | सौहार्द एवं कौमी एकता दिवस (मुख्य अतिथि द्वारा शिविर का उद्घाटन) | प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव (प्राचार्य) |
| 16/02/2021 मंगलवार अपराह्न 02:00 बजे | प्राथमिक चिकित्सा होम्यो. चिकित्सा एवं मनो विज्ञान | डॉ0 के.बी. सिंह पू.प्रा. चिकित्साधिकारी बिलासपुर |
| 17/02/2021 बुधवार अपराह्न 02:00 बजे | क्षेत्रीय सांस्कृति को बढ़ाबा देने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम | डॉ0 अब्दुल लतीफ सहा0 प्राध्यापक-हिन्दी श्री दिव्यांशु कुमार सिंह सह0 प्राध्यापक (भौतिक विज्ञान) |
| 18/02/2021 बृहस्पतिवार अपराह्न 02:00 बजे | कौशल विकास हेतु युवा ? वैज्ञानिक दृष्टिकोण भारतीय समाज के लिए अपरिहार्य है। | श्री गौरव अग्रवाल (उद्योगपति) प्रो0 आई.बी महापात्रा एसो0 प्राध्यापक (समाज शास्त्र) डॉ0 हेमंत कुमार सहा0 प्राध्यापक (गणित) |
| 19/02/2021 शुक्रवार अपराह्न 02:00 बजे | डिजीटल भुगतान हेतु परामर्श, मतदाता जागरूकता एवं साक्षरता अभियान | श्री दीनदयाल (शाखा प्रबन्धक एस.बी.आई. बिलासपुर) डॉ0 बीत बिहारी लाल सहा0 प्राध्यापक-(इतिहास) डॉ0 अवतार दिक्षित सहा0 प्राध्यापक-(वाणिज्य) |
| 20/02/2021 शनिवार अपराह्न 02:00 बजे | नारी शिक्षा एवं सम्मान तथा सड़क सुरक्षा | डॉ0 देवेन्द्र सिंह प्रधानाचार्य (राजकीय इण्टर कालेज बिलासपुर) डॉ0 नीलिमा सिंह सहा0 प्राध्यापक-शारी.शि.एवं खेल-कूद डॉ0 निशा वर्मा सहा0 प्राध्यापक-वनस्पति विज्ञान |
| 21/02/2021 रविवार अपराह्न 02:00 बजे | संकल्प दिवस (शिविर समापन) | डॉ0 राजेश कुमार उपजिलाधिकारी तहसील बिलासपुर (रामपुर) |

**विशेष : शैक्षिक संगोष्ठी, दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक**

# राजकीय स्ना0 महाविद्यालय, बिलासपुर, रामपुर

# राष्ट्रीय सेवा योजना

एक दिवसीय सामान्य शिविर
एवं
सात दिवसीय विशेष शिविर

# समेकित आख्या

## सत्र 2020—21

प्रो0(डॉ0) आर0 पी0 यादव
प्राचार्य

डॉ0 शिवओम शर्मा
कार्यक्रम अधिकारी
इकाई प्रथम

डॉ0 वन्दना राठौर
कार्यक्रम अधिकारी
इकाई द्वितीय

# राष्ट्रीय सेवा योजना

एक दिवसीय सामान्य शिविर

एवं

सात दिवसीय विशेष शिविर

# समेकित आख्या

## सत्र 2020—21

द्वारा

## डॉ0 शिवओम शर्मा

कार्यक्रम अधिकारी (इकाई प्रथम)

## डॉ0 वन्दना राठौर

कार्यक्रम अधिकारी (इकाई द्वितीय)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## राजकीय स्ना0 महाविद्यालय, बिलासपुर, रामपुर।

### आख्या

राजकीय स्ना0 महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) की राष्ट्रीय सेवा योजना, बिलासपुर इकाई का प्रथम एक दिवसीय सामान्य शिविर दिनांक 01.02.2021, द्वितीय एक दिवसीय सामान्य शिविर दिनांक 03.02.2021, तृतीय एक दिवसीय सामान्य शिविर दिनांक 04.02.2021 एवं चतुर्थ एक दिवसीय सामान्य शिविर दिनांक 25.03.2021 को लगाये गये जिसकी संक्षिप्त आख्या निम्नानुसार है।

### प्रथम एक दिवसीय सामान्य शिविर दिनांक 01.02.2021

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर, रामपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई द्वारा संयुक्त रूप से प्रथम एक दिवसीय सामान्य शिविर में ग्राम पंजाब नगर एवं ग्राम मुल्लाखेडा में सड़क सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था पर एक विशाल रैली निकाली गयी उसके पश्चात् गांव में सफाई अभियान चलाया गया। इसके पश्चात् महाविद्यालय में पुनः छात्र/छात्राओं को एकत्रित कर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 नीत बिहारी लाल ने छात्र/छात्राओं को राष्ट्र की सेवा से प्राप्त होने वाले सुख पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि यह वह सेवा है जिसको करने के उपरान्त जो सुख प्राप्त होता है, उसको व्यक्त नहीं किया जा सकता। उक्त संगोष्ठी में बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव ने सड़क सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के बारे में बताते हुए कहा कि सड़क पर चलते समय दो पहिया वाहन पर हेलमेट पहनना एवं चार पहिया गाड़ी में शीट वेल्ट वाधना बहुत जरूर है।





इस मौके पर महिला इकाई (द्वितीय इकाई) की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 वन्दना राठौर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के नियमों पर विस्तार से चर्चा की। इस संगोष्ठी में बोलते हुए डॉ0 शिवओम शर्मा कार्यक्रम अधिकारी (इकाई प्रथम) ने कहा छात्र/छात्राओं को इस वैश्विक महामारी कोरोनाकाल में स्वयं को सुरक्षित रखते हुए एवं समाज को सुरक्षा प्रदान करते हुए इस शिविर की समस्त गतिविधियों को सम्पन्न करना है। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्रो0 आई0वी0 महापात्र, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 अब्दुल लतीफ, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ0 नीत बिहारी लाल, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 वन्दना राठौर, डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई (छात्र वर्ग) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शिवओम शर्मा ने किया।






इसमें ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश दिया गया। रैली के कॉलेज में पहुंचने पर कॉलेज प्रबंध समिति सदस्य जसपाल सिंह चौहान की अध्यक्षता में गोष्ठी हुई। गोष्ठी में प्राचार्य एसपी शर्मा और प्रबंधक योगेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करने और लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया। इस दौरान दिनेश, रिजवान अली, प्रमोद कुमार, नवल किशोर, मुनेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

बिलासपुर में राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस कैंप में भाग लेते विद्यार्थी। संवाद

शिविर यातायात माह के रूप में लगाया गया। जहां छात्र-छात्राओं को कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने यातायात के नियमों के पालन करने हेतु शपथ दिलाई। रैली का उद्घाटन प्रबंध समिति के सुरेश सिंह चौहान ने किया। रैली ग्राम सरकथल व महमदपुर में निकाली गई।

इस अवसर पर प्रबंध समिति के सुरेश सिंह चौहान, मदन पाल सिंह चौहान, गोपाल सिंह, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विष्णुदत्त, प्रदीप कुमार, साजिद अली अंसारी, राशिद हुसैन, नेमपाल सिंह, हर्षिता शुक्ला, चीनू, एसबी यादव, जसपिंदर, योगेश चौहान आदि थे।

फेसर भर्ती की
17 अप्रैल को

परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों को इंटरव्यू

गुनगुनी धूप से लो

मिलक। फरवरी के पहले दिन निकली
नगर एवं क्षेत्र में कड़ाके की सर्दी की
गलन से फरवरी के पहले दिन लोगों
का दिन था। धूप निकलने से

# द्वितीय एक दिवसीय सामान्य शिविर दिनांक 03.02.2021

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय का दूसरा एक दिवसीय शिविर में संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंजाब नगर में सम्पन्न हुआ जिसके अन्तर्गत ग्राम पंजाबनगर एवं ग्राम मुल्लाखेडा में एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। तत्पश्चात् प्राथमिक विद्यालय, पंजाब नगर में दैनिक जीवन में योग का महत्व विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव में संगोष्ठी में बोलते हुए कहा कि वास्तव में प्रकृति पुरूष के स्वरूप के साथ ईश्वर के अस्त्तिव को मिलाकर मनुष्य जीवन की आध्यात्मिक, मानसिक एवं शारीरिक उन्नति के लिए एक बड़ा व्यवहारिक और मनोवैज्ञानिक योग दर्शन ही है।






उक्त गोष्ठी में बोलते हुए डॉ0 नीत बिहारी लाल ने कहा कि चित्त की वृत्तियों का बिरोध ही योग है। उक्त अवसर पर बोलते हुए डॉ0 शिवओम शर्मा ने कहा कि इस वैशिविक महामारी कोरोना काल में पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति और योग को अपनाने का प्रयास किया। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्रो0 आई0वी0 महापात्र, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 अब्दुल लतीफ, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ0 नीत बिहारी लाल, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 वन्दना राठौर, डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई (छात्र वर्ग) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शिवओम शर्मा ने किया।






## तृतीय एक दिवसीय सामान्य शिविर दिनांक 04.02.2021

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय का तीसरा एक दिवसीय शिविर में संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंजाब नगर में सम्पन्न हुआ जिसके अन्तर्गत ग्राम पंजाबनगर एवं ग्राम मुल्लाखेडा में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। तत्पश्चात् प्राथमिक विद्यालय, पंजाब नगर में चौरा–चौरी शताब्दी वर्ष एवं विश्व कैंसर दिवस के अवसर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ0 नीत बिहारी लाल ने बोलते हुए कहा कि चौरा–चौरी की घटना को इतिहास में जो स्थान मिलना चाहिए था वह आज तक नही मिला।






उक्त घटना से ही भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में नरम दल एवं गरम दल का उदय हुआ। उक्त अवसर पर बोलते हुए डॉ0 शिवओम शर्मा ने चौरा–चौरी कांड में शहीदों के विषय पर प्रकाश डाला। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्रो0 आई0वी0 महापात्र, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 अब्दुल लतीफ, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ0 नीत बिहारी लाल, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 वन्दना राठौर, डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई (छात्र वर्ग) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शिवओम शर्मा ने किया।






## चतुर्थ एक दिवसीय सामान्य शिविर दिनांक 25.03.2021

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय का चौथा एक दिवसीय शिविर संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंजाब नगर में सम्पन्न हुआ जिसके अन्तर्गत ग्राम पंजाबनगर एवं ग्राम मुल्लाखेडा में एक रैली का आयोजन किया गया तथा साफ–सफाई की गयी। इसके पश्चात् महाविद्यालय में पहुंचकर सभी छात्र/छात्राओं द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0(डॉ0) आर0पी0 यादव ने सभी छात्र/छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के कैम्पों में किये गये कार्योंकी सराहना की। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्रो0 आई0वी0 महापात्र, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 अब्दुल लतीफ, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ0 नीत बिहारी लाल, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 वन्दना राठौर, डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह

आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई (छात्र वर्ग) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शिवओम शर्मा ने किया।

## आख्या

## सात दिवसीय विशेष शिविर

**राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर–रामपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना बिलासपुर इकाई का 7 दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 15.02.2021 से 21.02. 2021 तक छात्र वर्ग का प्राथमिक विद्यालय, ग्राम पंजाब नगर एवं छात्रा वर्ग का प्राथमिक विद्यालय ग्राम मुल्लाखेड़ा में आयोजित किया गया। शिविर के सातों दिवसों की संक्षिप्त आख्या निम्नानुसार हैः–**

## शिविर का प्रथम दिन, दिनांक 15.02.2021

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों (महिला एंव पुरूष) का 7 दिवसीय विशेष शिविर ''कौशल विकास हेतु युवा'' के प्रथम दिवस पर महाविद्यालय के प्राचार्य तथा शिविर के उद्‌घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारम्भ किया। दिनांक 15–21 फरवरी 2021 तक प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंजाब नगर एवं प्राथमिक विद्यालय ग्राम मुल्ला खेडा में आयोजित हो रहे राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर (रामपुर) के राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्धघाटन संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय, ग्राम पंजाब नगर में सम्पन्न हुआ। जिसमे सर्वप्रथम साफ सफाई कर प्रार्थना की गई। तदुपरांत शिविरार्थियों ने एक रंगोली बनाई। शिविर स्थल पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने मुख्य अतिथि उप जिला अधिकारी, डॉ राजेश कुमार को बुके देकर स्वागत किया। तदुपरांत जिसका विधिवत उद्धघाटन मुख्य अतिथि, बिलासपुर के उप जिलाधिकारी डॉ राजेश कुमार ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना निशित रूप से हमारे व्यक्तित्व हमारे चरित्र को उज्जवल बनाता है।राष्ट्र सेवा का भाव हमारे अंदर पैदा करता है।

# लक्ष्य बनाकर बढ़ने से मिलती है सफलता

अमर भारती संवाददाता




**बिलासपुर** : उप जिलाधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि जीवन में लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने से शत प्रतिशत सफलता मिलती है। युवाओं को पूरी गंभीरता से अपने लक्ष्य का निर्माण व अनुसरण करना चाहिए।

वह सोमवार को तहसील के पंजाबनगर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के परिसर में आयोजित एनएसएस शिविर के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सात दिवसीय यह शिविर कुआंखेड़ा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा लगाया जा रहा है। एसडीएम ने कहा कि युवाओं को अपने लक्ष्य का पीछा करना चाहिए और तब तक नहीं रुकना चाहिए, जब तक कि वह प्राप्त न हो जाए। प्राचार्य प्रो. आरपी यादव ने कहा कि शिविर के माध्यम से उपजी सेवा भावना जीवन को उज्जवल बनाती है। इससे पूर्व एसडीएम ने शिविर का दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन किया। उन्होंने शिविरार्थी छात्र छात्राओं को बैज डायरी आदि भी वितरित किए। इसके बाद शिविर में पूरे दिन गतिविधियां व अन्य कार्यक्रम चलते रहे। युवाओं ने सफाई व श्रमदान कार्य किया और रंगोलियां बनाईं। शिविर स्थल से मुल्लाखेड़ा प्राथमिक विद्यालय तक जागरूकता रैली भी निकाली गई। दोपहर में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. अब्दुल लतीफ ने कौमी एकता एवं सद्भावना विषय पर विचार व्यक्त किए। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. वंदना राठौर तथा संचालन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवओम शर्मा ने किया।

इस अवसर पर डॉ. अवतार दीक्षित, डॉ.दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. नीत बिहारी लाल, डॉ. आईबी महापात्रा, डॉ. नीलिमा सिंह, डॉ. निशा वर्मा आदि सम्मिलित रहे।




इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ने स्वामी विवेकानंद के इस संदेश को बोलते हुए कहा कि जीवन एक संघर्ष है ,उससे मुकाबला करो।अपना लक्ष्य बनाओ और आगे बढाने।और जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाये ,तब तक न रुको। उत्तर प्रदेश सरकार की अभ्यदय कार्यक्रम और मिशन शक्ति कर्यक्रम के बारे में उन्होंने विस्तार से प्रकाश डाला। शिविरार्थियों द्वारा ग्राम पंजाब नगर में एक रैली निकाल कर ग्रामवासियो को साफ –सफाई के लिए जागरूक किया। पुनः शिवर स्थल पर लौट कर शिविरार्थियों के लिए एक संगोष्टि का आयोजन किया गया जिसमें सौहार्द एवं कौमी एकता दिवस के मौके पर मुख्य वक्ता डॉ अब्दुल लतीफ ने कहा कि आज हमारे देश मे जो हालात है उसमें कोमी एकता एवं सदभावना की बहुत जरूरत है।कौमी एकता से ही हमारा देश मजबूत होगा। उक्त अवसर पर बोलते हुए डॉ नीत बिहारी लाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का उद्देध आपसी भाईचारा है जिससे हम सब मिलकर रहे। तभी हमारा देश मजबूत होगा।

इस अवसर पर प्रो,इंदुभूषण महापात्र ने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक चिन्ह का महत्व बताते हुए उस पर चर्चा की एवं डॉ नीलिमा सिंह ने राज्य सरकार की मिशन शक्ति योजना पर चर्चा की, इस अवसर पर डॉ निशा वर्मा,डॉ हेमन्त कुमार,डॉ अवतार दीक्षित, प्रो, दिव्यांशु कुमार एवं समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

कार्यक्रम का संचालन डॉ शिवओम शर्मा( कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना, छात्र इकाई) ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ वंदना राठौर (कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना, छात्रा इकाई) ने किया।





## शिविर का दूसरा दिन दिनांक 16.02.2021

प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंजाब नगर एवं प्राथमिक विद्यालय, मुल्ला खेडा में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन आज दिनांक 16/01/2021 को सर्वप्रथम शिविर स्थल पर साफ सफाई कर इसके उपरांत बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। तदुपरांत सरदार भगत सिंह टोली ने रंगोली बनाई तथा छात्र/छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा विषय पर निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उसके पश्चात शिविरार्थियों द्वारा शिविर स्थल से संयुक्त रूप से एक रैली निकाली गई जिसे राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर रामपुर के पूर्व विभाग अध्यक्ष  एवं एसोसिएट प्रोफेसर वाणिज्य विभाग ,डॉ. पी.के.गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।







रैली में स्वयं सेवकों/सेविकाओं ने ग्रामवासियो को सडक सुरक्षा के नियमो को बताते हुए सडक पर सुरक्षित चलने के लिए जागरूक किया। पुनः शिवर स्थल पर लौट कर शिविरार्थियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा, होम्यो चिकित्सा एव मनो विज्ञान विषय पर एक संगोष्टि का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता डॉ के0 बी0 सिंह (पूर्व चिकित्सा अधिकारी) ने प्राथमिक चिकित्सा और होमियो चिकित्सा का महत्व और उसके लाभ के बारे में बताया।उक्त अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ नीत बिहारी लाल ने विद्यार्थि जीवन में आने वाली कठिनाईयो के समाधान में मनो विज्ञान के महत्त्व पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर विद्यार्थियों के माता पिता एवं महाविद्यालय से प्रो.आई.बी महापात्र, डॉ नीलिमा सिंह, डॉ अब्दुल लतीफ़, डॉ निशा वर्मा, डॉ हेमंत कुमार, डॉ अवतार दीक्षित, डॉ दिव्यांशु कुमार आदि उपस्थित रहे। तथा डॉ शिव ओम शर्मा (कार्यक्रम अधिकारी छात्र वर्ग) ने सड़क सुरक्षा विषय एवं चोरी चोरा विषय पर अपने विचार रखे। सम्पूर्ण कार्यक्रम डॉ. शिवओम शर्मा कार्यक्रम

अधिकारी (छात्र वर्ग) एवं डॉ वंदना राठौर कार्यक्रम अधिकारी (छात्रा वर्ग) के निर्देशन में हुआ।



यात नियमों के प्रति किया जागरूक

जेंसी

बिलासपुर। ग्लोबल
विद्यालय नारायणपुर
शिविर के दूसरे दिन
के कई ग्रामों में रैली
यात नियमों के लिए

हाविद्यालय प्रबंधक
न द्वारा हरी झंडी
िया गया। साथ ही
ाओं के माध्यम से
सुरक्षा के प्रति
ीय सत्र में कॉलेज
देव जयंती पर
आयोजन किया
में सात दिवसीय
स्वयंसेवा योजना
म के दूसरे दिन
तथा मतदाता
चलाया। जिसके
त्र-छात्राओं ने
दौरान नुक्कड़
एवं गीतों के
जागरूक किया।
द्यालय में विशेष
कार्यक्रम की
पर्व पर मां शारदे

सड़क सुरक्षा माह
ग्लोबल पी.जी. कॉलेज नारायणपुर
टाण्डा रामपुर

दढ़ियाल के ग्राम मुवाना में रैली निकालतीं छात्राएं। संवाद

राष्ट्रीय सेवा योजना
आपका हार्दिक स्वागत करता है

बिलासपुर के पंजाबनगर गांव में एनएसएस के कैंप में भाग लेते शिविरार्थी।

की पूजा के साथ हुई। वहीं, बिलासपुर में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के तत्वावधान में मंगलवार को ग्राम पंजाबनगर के प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा एनएसएस के सात दिवसीय कैंप के

दूसरे दिन का शुभारंभ सीएचसी के पूर्व चिकित्साधीक्षक डा के बी सिंह व प्राचार्य डा आर पी सिंह यादव ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। छात्र छात्राओं ने रंगोली भी बनाई।




## शिविर का तीसरा दिन दिनांक 17.02.2021

प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंजाब नगर एवं प्राथमिक विद्यालय, मुल्ला खेडा में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन आज दिनांक 17/01/2021 को सर्वप्रथम शिविर स्थल पर साफ सफाई कर वंदना प्रस्तुत की गई ।तदुपरांत लक्ष्मीबाई टोली ने रंगोली बनाई तथा बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर टोली एवं लक्ष्मी बाई टोली द्वारा शिविर स्थल पर नारे लिखे गए जिसका प्रो.आई.बी.महापात्र एवं डॉ नीलिमा सिंह ने निरीक्षण किया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र वर्ग में राजू यादव ने प्रथम, राजेश यादव, आकाश कुमार, अजय कुमार ने संयुक्त रूप से दितीय स्थान प्राप्त किया तथा छात्रा वर्ग में हरप्रीत कौर ने प्रथम, नीतू कुमारी ने दितीय, तथा वैशाली शर्मा एवं रागनी सैनी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। उसके पश्चात

शिविरार्थियों द्वारा शिविर स्थल पर संयुक्त रूप से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।





उक्त कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में प्रो आई बी महापात्र , डॉ अब्दुल लतीफ एवं श्री दिव्यांशु कुमार सिंह उपस्थित रहे । सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान पर वैशाली शर्मा द्वितीय स्थान पर नीतू कुमारी एवं तृतीय स्थान पर हरप्रीत कौर रही। छात्र वर्ग में प्रथम स्थान पर आकाश यादव, द्वितीय स्थान पर राजू यादव एवं तृतीय स्थान पर लोकेंद्र कुमार रहे। उक्त अवसर पर डॉ नीलिमा सिंह, डॉ निशा वर्मा, डॉ हेमंत कुमार, डॉ नीत बिहारी लाल , डॉ अवतार दीक्षित एवं समस्त महाविद्यालय परिवार एवं प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंजाब नगर से कोमल वैश्य तथा निकिता शर्मा उपस्थित रहे। समस्त कार्यक्रम डॉ शिव ओम शर्मा (कार्यक्रम अधिकारी छात्र वर्ग) एवं डॉ वंदना राठौर कार्यक्रम अधिकारी (छात्रा वर्ग) के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।




## तीसरे दिन हुई नारा लेखन प्रतियोगिता

**अमर भारती संवाददाता, बिलासपुरः** बुधवार सवेरे क्षेत्र के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से जुड़े छात्र छात्राओं ने पंजाबनगर गांव के सरकारी स्कूल में लगे अपने शिविर में साफ सफाई से दिन की शुरुआत की। वंदना के पश्चात छात्र-छात्राओं की टोलियां बनाई गईं, जिन्होंने गांव की दीवारों पर विभिन्न विषयों पर जागरूकता फैलाने वाले नारे लिखे। शिविर स्थल पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में राजू यादव व छात्रा वर्ग में हरप्रीत कौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोपहर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता हुई। इसमें वैशाली शर्मा व आकाश यादव ने पहले स्थान जीते। दोनों प्रतियोगिताओं के अन्य स्थान भी घोषित किए गए। निर्णायक मंडल में प्रो. आईबी महापात्रा, डॉ. अब्दुल लतीफ एवं दिव्यांशु कुमार सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शिवओम शर्मा व डॉ. वंदना राठौर ने शिविर का निर्देशन किया। महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक, कैम्प स्कूल के शिक्षक तथा ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## शिविर का चौथा दिन दिनांक 18.02.2021

कार्यालय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर रामपुर प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंजाब नगर एवं प्राथमिक विद्यालय, मुल्ला खेडा में आयोजित हो रहे, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर रामपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन आज दिनांक 18/01/2021 को सर्वप्रथम शिविर स्थल पर साफ सफाई कर वंदना प्रस्तुत की गई। तदुपरांत मदर टेरेसा एवं चंद शेखर आजाद टोली ने रंगोली बनाई तथा शिविर स्थल पर शिविरार्थियों के द्वारा शिविर

स्थल एवं गांव में वृक्षारोपण किया गया। तदुपरांत परिवहन विभाग उत्तर पर्देश एवं आई आर एस सी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में सडक सुरक्षा विषय पर सडक सुरक्षा की नोडल अधिकारी डॉ निशा वर्मा, डॉ अवतार दीक्षित एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिवओम शर्मा द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ऑन लाइन सेफ ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया गया।




तदुपरान्त कौशल विकास हेतु युवा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण भारतीय समाज के लिये अपरिहार्य हैं। विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रो आई बी महापात्रा ने सभी छात्र/छात्राओं को जीवन के प्रत्येक पहलू को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखने पर वल देते हुए जीवन के वैज्ञानिक और अवैज्ञानिक पहलुओं पर चर्चा की। उक्त अवसर पर डॉ नीत विहारी लाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में निहित समस्त जीवन मूल्य वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित है। उक्त अवसर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो (डॉ) आर.पी. यादव ने शिविरार्थियों को बताया कि यदि हम जीवन को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखेंगे तभी विज्ञान और तकनीक का विकास संभव है उक्त अवसर पर डॉ नीलिमा सिंह, डॉ निशा वर्मा, डॉ हेमंत कुमार, डॉ नीत बिहारी लाल, डॉ अवतार दीक्षित एवं समस्त महाविद्यालय परिवार एवं प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंजाब नगर से कोमल वैश्य तथा निकिता शर्मा उपस्थित रहे। समस्त कार्यक्रम डॉ शिव ओम शर्मा (कार्यक्रम अधिकारी छात्र वर्ग) एवं डॉ वंदना राठौर कार्यक्रम अधिकारी (छात्रा वर्ग) के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

## जीवन को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखें : महापात्रा



एनएसएस शिविर में वृक्षारोपण करते युवा छात्र छात्राएं। अमर भारती

अमर भारती संवाददाता

- एनएसएस शिविर के चौथे दिन वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर संगोष्ठी, वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित

**बिलासपुर:** पंजाबनगर गांव के प्राथमिक विद्यालय में चल रहे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन आयोजित संगोष्ठी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर जोर दिया गया। बतौर मुख्य वक्ता प्रो.इंदुभूषण महापात्रा ने कहा कि युवा जीवन के हर पहलू को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखें और चिंतन-मनन करें।

गुरुवार दोपहर शिविर में कौशल विकास हेतु युवा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण भारतीय समाज के लिए अपरिहार्य है, विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई थी। इसमें वक्ताओं ने जीवन के वैज्ञानिक एवं अवैज्ञानिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। वक्ता डॉ.नीत बिहारी लाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में समस्त जीवन मूल्य वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित हैं। कॉलेज के प्राचार्य प्रो.आरपी यादव ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ही विज्ञान एवं तकनीक का विकास संभव है। शिविर में परिवहन विभाग एवं आईआरएससी की नोडल अधिकारी डॉ.निशा वर्मा, डॉ.अवतार दीक्षित तथा एनएसएस के कार्य म अधिकारी डॉ.शिवओम शर्मा ने कार्यशाला आयोजित कर ऑनलाइन सेफ ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया। इससे पूर्व शिविर स्थल पर सफाई, श्रमदान, रंगोली व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। युवा शिविरार्थियों ने गांव में कई स्थानों पर वृक्षारोपण कर हरियाली का संदेश भी दिया। इस दौरान कार्य म अधिकारी डॉ.वंदना राठौर, डॉ.नीलिमा सिंह, डॉ.हेमंत कुमार, डॉ.अब्दुल लतीफ, कोमल वैश्य, निकिता शर्मा आदि मौजूद रहे।



## शिविर का पाँचवा दिन दिनांक 19.02.2021

कार्यालय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर रामपुर प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंजाब नगर एवं प्राथमिक विद्यालय, मुल्ला खेडा में आयोजित हो रहे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर रामपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन आज दिनांक 19/02/2021 को सर्वप्रथम शिविर स्थल

पर साफ सफाई हुई। उसके बाद वंदना प्रस्तुत की गई। तदुपरांत अम्बेडकर टोली एवं इदिरा गांधी टोली ने शिविर स्थल पर रंगोली बनाई। इसके बाद गांव पंजाब नगर में एक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई एवं एक सर्वे किया गया जिसमें गांव में मतदाताओं की संख्या की गणना की गई। तथा सरदार भगत सिंह टोली द्वारा गांव में श्रमदान किया गया एवं लक्ष्मी बाई टोली द्वारा गांव में साफ़ सफाई की गई। तदुपरांत शिविर स्थल पर लौटकर एक गौष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें **S-B-I-Bilaspur A-D-V- Branchds** मैनेजर श्री दीनदयाल जी ने डिजिटल परामर्श, बैंक के नियम, लोन के बारे में अपने विचार बताए। उसके पश्चात् श्री उमेश राठौर जी प्रधानाचारय प्राथमिक विद्यालय ग्राम कोठा जागीर ने मतदाता जागरूकता के नियम बताए, वोट की कीमत पर भी अपने विचार रखे। उक्त अवसर पर वोलते हुए महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अवतार दीक्षित ने मतदान दिवस को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने की अपील की। तथा महाविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रभारी डॉ नीत विहारी लाल ने बताया कि मतदान अत्यधिक संख्या में होना चाहिए जितना अधिक मतदान होगा उतनी ही तुलनात्मक मतदान प्रभावित होने की संभावना कम होगी। उक्त अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिवओम शर्मा ने शिविरार्थियों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर प्रोफेसर इंदु भूषण महापात्र ,डॉ नीलिमा सिंह, डॉ निशा वर्मा, डॉ अब्दुल लतीफ, डॉ हेमंत कुमार, डॉ नीत बिहारी लाल, डॉ अवतार दीक्षित, डॉ दिव्यांशु कुमार सिंह एवं समस्त महाविद्यालय परिवार एवं प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंजाब नगर से कोमल वैश्य तथा निकिता शर्मा उपस्थिती रहे। समस्त कार्यक्रम डॉ शिव ओम शर्मा (कार्यक्रम अधिकारी छात्र वर्ग) एवं डॉ वंदना राठौर कार्यक्रम अधिकारी (छात्रा वर्ग) के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

## शिविर का सातवां दिन दिनांक 20.02.2021

कार्यालय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर रामपुर प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंजाब नगर एवं प्राथमिक विद्यालय, मुल्ला खेडा में आयोजित हो रहे, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर रामपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवे दिन आज दिनांक 20/02/2021 को सर्वप्रथम शिविर स्थल पर साफ सफाई हुई। उसके बाद सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। तदुपरांत वीर सावरकर टोली एवं किरण वेदी टोली ने रंगोली बनाई तथा शिविर स्थल पर शिविरार्थियों के द्वारा शिविर स्थल पर साफ सफाई की गई इसके उपरांत नारी शिक्षा एवं सड़क सुरक्षा विषय पर शिविरार्थियों द्वारा गांव पंजाब नगर में एक रैली निकाली गई। तथा छात्र इकाई द्वारा गांव पंजाब नगर एवं छात्रा इकाई द्वारा गांव मुल्लाखेडामें जाकर साफ सफाई एवं श्रमदान किया गया। इसके उपरांत शिविर स्थल पर लौटकर

एक गौष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें डॉ वंदना राठौर ने छात्र एवम छात्राओं को बताया कि समाज में महिलाओं का सम्मान, अपने से बड़े की सेवा कैसे करनी चाहिए और हमें आपस में मिलकर समाज की सेवा करनी चाहिए। तदुप्ररांत डॉ अवतार दीक्षित, विभाग प्रभारी कॉमर्स विभाग ने बताया महिलाओ का सम्मान हम सबको करना चाहिए और कहा घर में पढ़ी लिखीं महिला ही सारे समाज को शिक्षित कर सकती हैं। तादुउप्रंत आज की वक्ता डॉ निशा वर्मा प्रभारी वनस्पति विज्ञान विभाग ने सड़क सुरक्षा के नियम और सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनना जरूरी है बताया और नारी सम्मान, और महिलाओं को अपने आप को कैसे शसक्त बनाना है पर अपने विचार रखे । उक्त अवसर पर डॉ नीत विहारी लाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं का सम्मान रहा, और हमे अपने घर से ही महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। उक्त अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिवओम शर्मा ने सड़क सुरक्षा के नियम बताएं और शिविरार्थियों को बताया कि हमे अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनना चाहिए। तथा नारी शिक्षा एवं सम्मान विषय पर अपने विचार रखे। उक्त गोष्ठी में महाविद्यालय के कार्यालय अध्यक्ष श्री पी एस आनंद ने बताया कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है। उक्त अवसर पर बोलते हुए आज की मुख्य वक्ता डॉ नीलिमा सिंह ने नारी शिक्षा एवं सम्मान विषय पर अपने विचार रखे तथा छात्राओं को मार्शल आर्ट के बारे में कुछ जानकारी दी एवं मिशन शक्ति अभियानके बारे में जानकारी दी तथा छात्राओं को कुछ हैल्पलाइन नंबर भी बताए। तथा उन्होंने बताया कि सभी छात्र/छात्राएं अपनी मउंपस चैक करते रहे। गोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. आई.बी. महापात्र जी ने की। उक्त अवसर पर डॉ नीलिमा सिंह, डॉ निशा वर्मा, डॉ हेमंत कुमार, डॉ नीत बिहारी लाल , डॉ अवतार दीक्षित एवं डॉ दिव्यांशु कुमार सिंह समस्त महाविद्यालय परिवार एवं प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंजाब नगर से कोमल वैश्य तथा निकिता शर्मा उपस्थिती रहे। समस्त कार्यक्रम डॉ शिव ओम शर्मा (कार्यक्रम अधिकारी छात्र वर्ग) एवं डॉ वंदना राठौर कार्यक्रम अधिकारी (छात्रा वर्ग) के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

## शिविर का सातवां दिन दिनांक 21.02.2021

कार्यालय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर रामपुर प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंजाब नगर एवं प्राथमिक विद्यालय, मुल्ला खेडा में आयोजित हो रहे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर रामपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन आज दिनांक 21/02/2021 को सर्वप्रथम शिविर स्थल

पर साफ सफाई हुई। उसके बाद सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई ।तदुपरांत छात्र एवं छात्राओं ने रंगोली बनाई तथा शिविर स्थल पर शिविरार्थियों के द्वारा शिविर स्थल पर साफ सफाई की गई तथा शिविर स्थल पर महाविद्यालय के चतपदबपचंस एवं आज के मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ) आर पी यादव का स्वागत किया गया उसके पश्चात् प्राचाय जी ने छात्र एवं छात्राओं के अनुभव के बारे में जाना, उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उसके पश्चात् महाविद्यालयके वरिष्ठ प्रासध्यापक प्रो इंदु भूषण महापात्र सर ने अपने संबोधन में बताया कि आप सभी राष्ट्र के युवा हो जो समाज को सुधारने का काम करेंगे। तदुपरांत डॉ नीलिमा सिंह ने बच्चो को बताया बेटा बेटी मे कोई भेद भाव नहीं करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में बेस्ट छात्र राजीव कुमार और बेस्ट छात्रा हरप्रीत कौर रही। तदुपरान्त डॉ नीत बिहारी लाल सक्सेना, इतिहास विभाग ने बताया कौशल विकास हेतु युवा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण भारतीय समाज के लिये अपरिहार्य हैं। उक्त अवसर पर शिविरार्थियों ने **cultural program** प्रस्तुत किए। तथा मुख्य अतिथि द्वारा वैष्ट कैम्पर का नाम की उद्घोषणा की गई जिसमें छात्र वर्ग में राजीव कुमार एवं छात्रा वर्ग में हरप्रीत कौर का नाम उदघोषित किया गया। तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिवओम शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।उक्त अवसर पर डॉ नीलिमा सिंह, डॉ नीत बिहारी लाल सक्सेना उपस्थित रहे। समस्त कार्यक्रम डॉ शिव ओम शर्मा (कार्यक्रम अधिकारी छात्र वर्ग) एवं डॉ वंदना राठौर कार्यक्रम अधिकारी (छात्रा वर्ग) के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

# NSS 2019-20 REPORT

सेवा समर्पण संकल्प

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

बिलासपुर (रामपुर)

### राष्ट्रीय सेवा योजना

मान्यवर,

अत्यन्त हर्ष के साथ आपको सूचित किया जाता है कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाविद्यालय की *'राष्ट्री सेवा योजना'* की इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन-रात)

**"कौशल विकास हेतु युवा"**

का आयोजन दिनाँक 23/01/2020 से 29/01/2020 तक ग्राम खौंदलपुर, तह. बिलासपुर जनपद रामपुर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन दिनांक 23/01/2020 को पूर्वाह 11:00 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0यादव0 के कर-कमलों द्वारा होगा।

अत: आप से निवेदन है कि उक्त अवसर पर उपस्थित होकर शिविरार्थियों, ग्रामीणजनों एवं आयोजकों का उत्साहवर्धन कर अनुग्रहीत करें।

विनीत

**प्रो0 (डॉ0) आर0पी0यादव**
प्राचार्य/संरक्षक
मो0 9412486594

**डॉ0 शिवओम शर्मा**
कार्यक्रम अधिकारी (रा.से.यो.)
मो0 9412528331

### वोद्धिक गोष्ठी कार्यक्रम विवरण विशेष शिविर (दिन-रात)

| दिनांक/दिन/समय | कार्यक्रम विवरण | सम्मानित प्रतिनिधि एवं अतिथिगण |
|---|---|---|
| 23/01/2020 गुरूवार पूर्वाह 11:00 बजे | सौहार्द एवं कौमी एकता दिवस (मुख्य अतिथि द्वारा शिविर का उद्घाटन) | प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव (प्राचार्य) |
| 24/01/2020 शुक्रवार अपराह्न 02:00 बजे | प्राथमिक चिकित्सा होम्यो. चिकित्सा एवं मनो विज्ञान | डॉ0 के.बी. सिंह पू.प्रा. चिकित्साधिकारी, बिलासपुर प्रो0 आई.बी. महापात्र एसो0 प्राध्यापक (समाज शास्त्र) डॉ0 वन्दना राठौर सहा0 प्राध्यापक (जन्तु विज्ञान) |
| 25/01/2020 शनिवार अपराह्न 02:00 बजे | कौशल विकास हेतु युवा एवं समाज सेवा में युवाओं का योगदान स्वच्छता अभियान | डॉ0 पी0 के0 गर्ग एसो0प्राध्यापक-वाणिज्य डॉ0 नीत बिहारी लाल सहा0 प्राध्यापक (इतिहास) |
| 26/01/2020 रविवार अपराह्न 02:00 बजे | दैनिक जीवन एवं सम्मान सूचना सम्प्रेषण तकनीकी एवं पर्यावरण सुरक्षा (अंधविश्वासों की वैज्ञानिक व्याख्या, जल संरक्षण एवं आपदा प्रबन्धन) | डॉ0 निशा वर्मा सहा0 प्राध्यापक-वनस्पति विज्ञान डॉ0 अवतार दीक्षित सहा0 प्राध्यापक-वणिज्य |
| 27/01/2020 सोमवार अपराह्न 02:00 बजे | मतदाता जागरूकता एवं साक्षरता अभियान | डॉ0 अब्दुल लतीफ सहा0 प्राध्यापक-हिन्दी डॉ0 हेमंत कुमार सहा0 प्राध्यापक (गणित) डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह सहा0 प्राध्यापक-भौतिक विज्ञान |
| 28/01/2020 मंगलवार अपराह्न 02:00 बजे | नारी शिक्षा एवं सम्मान तथा सड़क सुरक्षा (भारतीय संविधान एवं हमारे कर्तव्य) | डॉ0 नीलिमा सिंह सहा0 प्राध्यापक-शारी.शि.एवं खेल-कूद डॉ0 निशा वर्मा सहा0 प्राध्यापक-वनस्पति विज्ञान |
| 29/01/2020 बुद्धवार अपराह्न 02:00 बजे | संकल्प दिवस (शिविर समापन) | प्रो0 (डॉ0) आर0पी0यादव प्राचार्य राज0 स्ना0 महाविद्यालय बिलासपुर (रामपुर) |

*विशेष : शैक्षिक संगोष्ठी, रात्रि 8:00 बजे से 9:00 बजे तक*

# राजकीय स्ना0 महाविद्यालय, बिलासपुर, रामपुर

# राष्ट्रीय सेवा योजना

एक दिवसीय सामान्य शिविर
एवं
सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन–रात)

# समेकित आख्या

## सत्र 2019–20

प्रो0(डॉ0) आर0 पी0 यादव
प्राचार्य

डॉ0 शिवओम शर्मा
कार्यक्रम अधिकारी

# राष्ट्रीय सेवा योजना

एक दिवसीय सामान्य शिविर
एवं
सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन–रात)

# समेकित आख्या

## सत्र 2019–20

द्वारा


## डॉ0 शिवओम शर्मा

कार्यक्रम अधिकारी


## राष्ट्रीय सेवा योजना

राजकीय स्ना0 महाविद्यालय, बिलासपुर
रामपुर।

# आख्या

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) की राष्ट्रीय सेवा योजना, बिलासपुर इकाई का प्रथम एक दिवसीय सामान्य शिविर दिनांक 16.12.2019, द्वितीय एक दिवसीय सामान्य शिविर दिनांक 18.12.2019, तृतीय एक दिवसीय सामान्य शिविर दिनांक 20.12.2019 एवं चतुर्थ एक दिवसीय सामान्य शिविर दिनांक 18.02.2020 को लगाये गये जिसकी संक्षिप्त आख्या निम्नानुसार है।

## प्रथम एक दिवसीय सामान्य शिविर दिनांक 16.12.2019

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर, रामपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रथम एक दिवसीय सामान्य शिविर में ग्राम खौंदलपुर में एक विशाल रैली निकाली गयी उसके पश्चात् ग्राम खौंदलपुर में सफाई अभियान चलाया गया। इसके पश्चात् युवाओं की देश के लिए सामाजिक जिम्मेदारी विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिला रामपुर के युवा क्रान्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्जीनियर श्री नलिन सिंह मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने शिविरार्थियों को स्वच्छता, रक्तदान एवं जल संरक्षण के महत्व को समझाया। अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव ने उक्त कार्यक्रम में उपस्थित समस्त छात्र/छात्राओं एवं महाविद्यालय स्टॉफ से उक्त विषय को लेकर समाज को जागरूक करने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो0 आई0वी0 महापात्र, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 अब्दुल लतीफ, डॉ0 नीत बिहारी लाल, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 वन्दना राठौर, डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शिवओम शर्मा ने किया।

## द्वितीय एक दिवसीय सामान्य शिविर दिनांक 18.12.2019

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर, रामपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के दूसरे एक दिवसीय शिविर में प्रातः 09 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवियों ने ग्राम खौंदलपुर में श्रमदान किया। तत्पश्चात् पर्यावरण सुरक्षा को लेकर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शिवओम शर्मा के निर्देशन में एक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र/छात्राओं ने ग्राम वासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। इसके पश्चात् पर्यावरण सुरक्षा विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव ने कहा कि मनुष्य सृष्टि में सर्वश्रेष्ठ है। इसलिए हमें चाहिए कि हम समाज की सेवा करें, क्योंकि दूसरों की सेवा करने से अधिक खुशी मिलती है। राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य भी सेवा भाव ही है। गोष्ठी में डॉ0 पी0 के0 गर्ग, प्रो0 आई0 वी0 महापात्र, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 अब्दुल लतीफ, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ0 नीत बिहारी लाल, डॉ0 वन्दना राठौर, डॉ0 अवतार दीक्षित, श्री दिव्यांशु कुमार सिंह, कार्यालय अधीक्षक श्री पृथी सिंह आदि उपस्थित रहे। अन्त में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शिवओम शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## तृतीय एक दिवसीय सामान्य शिविर दिनांक 20.12.2019

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर, रामपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तीसरे एक दिवसीय शिविर में प्राथमिक विद्यालय ग्राम खौंदलपुर में एक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में पूर्व प्राथमिक चिकित्सा अधिकारी डॉ0 के0 वी0 सिंह एवं चिकित्सक डॉ0 डी0 सी0 अग्रावाल तथा डॉ0 रजत बंसल ने ग्राम वासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। सभी ग्राम वासियों के बी0 पी0, शुगर, हार्ट अटैक जैसी बीमारियों से बचने के बारे में विस्तार से समझाया गया तथा सभी की बी0 पी0 एवं शुगर चैक किये गये तथा सभी ग्रामवासियों का मुफ्त में इलाज किया गया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव द्वारा किया गया तथा

प्राचार्य द्वारा इस शिविर से होने वाले लाभों के बारे में बताया गया। इस शिविर में डॉ0 पी0 के0 गर्ग, प्रो0 आई0 वी0 महापात्र, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 अब्दुल लतीफ, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ0 नीत बिहारी लाल, डॉ0 वन्दना राठौर, डॉ0 अवतार दीक्षित, श्री दिव्यांशु कुमार सिंह, कार्यालय अधीक्षक श्री पृथी सिंह आदि उपस्थित रहे। अन्त में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शिवओम शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## चतुर्थ एक दिवसीय सामान्य शिविर दिनांक 18.02.2020

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर, रामपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चौथे एक दिवसीय सामान्य शिविर में स्वयं सेवक/सेविकाओं द्वारा ग्राम खौंदलपुर में एक विशाल रैली निकाली गयी उसके पश्चात् ग्राम खौंदलपुर में साफ–सफाई की गयी। इसके पश्चात् युवाओं की देश के लिए सामाजिक जिम्मेदारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव ने उक्त कार्यक्रम में उपस्थित समस्त छात्र/छात्राओं एवं महाविद्यालय स्टॉफ से उक्त विषय को लेकर समाज को जागरूक करने की अपील की तथा जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को समझाते हुए अपने समस्त शिविरार्थियों से अपने आस–पड़ोस में साफ–सफाई रखने एवं पर्यावरण स्वच्छ बनाये रखने की अपील की तथा शिविर की सफलता के लिए कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शिवओम शर्मा को बधाई दी तथा अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो0 आई0वी0 महापात्र, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 अब्दुल लतीफ, डॉ0 नीत बिहारी लाल, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 वन्दना राठौर, डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शिवओम शर्मा ने किया।

### आख्या

### सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन–रात)

### राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर–रामपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना बिलासपुर इकाई का 7 दिवसीय विशेष शिविर (दिन–रात) दिनांक 23.01.2020

से 29.01.2020 (दिन–रात) तक प्राथमिक विद्यालय, ग्राम खौंदलपुर में आयोजित किया गया। शिविर के सातों दिवसों की संक्षिप्त आख्या निम्नानुसार है:–

## शिविर का प्रथम दिन दिनांक 23.01.2020

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर, रामपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय विशेष शिविर "कौशल विकास हेतु युवा" के प्रथम दिवस पर महाविद्यालय के प्राचार्य तथा शिविर के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारम्भ किया। तद्पश्चात् विशिष्ठ अतिथि गुरू नानक इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री हरीश चन्द्र एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण तथा प्राथमिक विद्यालय खौंदलपुर की प्रधानाध्यापिका ने पुष्प अर्पण कर ज्ञान ज्योति जलाकर शिविर के सफल संचालन की प्रार्थना की तथा अपनी शुभाकामनाएँ दीं।

शिविरार्थियों ने सरस्वती वन्दना और स्वागत गीत प्रस्तुत किये, शिविर के मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य ने शिविरार्थियों एवं ग्रामीणजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता पर विशेष जोर देने को कहा। महाविद्यालय के प्राचार्य जी ने अपने उदबोधन में शिविरार्थियों को अनुशासन में रहते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शिवओम शर्मा के निर्देशन में उनके द्वारा प्रदत्त कार्यों को पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ सम्पादन करने को कहा। डॉ0 पी0 के0 गर्ग एवं प्रो0 आई0 वी0 महापात्र ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला तथा डॉ0 नीत बिहारी लाल ने निर्मल गंगा एवं स्वच्छता जागरूकता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अधिकारी डॉ0 शिवओम शर्मा ने समस्त शिविरार्थियों को 7 दिवसीय विशेष शिविर के महत्व और उसके द्वारा समाज को जागरूक करने में उसकी भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किये। तत्पश्चात् शिविरार्थियों की टोली गठित कर उनको प्रत्येक दिन होने वाले कार्यों की रूपरेखा से अवगत कराया। उद्घाटन सत्र के बाद स्वयं सेवकों द्वारा शिविर स्थल की साफ सफाई कर श्रमदान किया गया और गांव में स्वच्छता जागरूकता हेतु एक रैली भी निकाली गयी। जिसे मुख्य अतिथि महोदय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ0 पी0 के0 गर्ग, प्रो0 आई0 वी0 महापात्र, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 अब्दुल लतीफ, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ0 नीत बिहारी लाल, डॉ0 वन्दना राठौर, डॉ0 अवतार दीक्षित, श्री दिव्यांशु कुमार सिंह, कार्यालय अधीक्षक श्री पृथी सिंह,

श्री गिरीश बाबू एवं प्राथमिक विद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएँ एवं गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शिविर का दूसरा दिन दिनांक 24.01.2020

प्राथमिक विद्यालय खौंदलपुर में संचालित हो रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन सर्व प्रथम प्रार्थना के सात शिविर का विधिवत् संचालन प्रारम्भ किया गया। इसके पश्चात् रानी लक्ष्मीबाई टोली ने रंगोली बनाई, तत्पश्चात् शिविरार्थियों ने गांव खौंदलपुर में एक जागरूकता रैली निकालकर ग्रामवासियों को स्वच्छता के लाभ एवं अपने आस–पास की गन्दगी से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया तथा साफ सफाई कर ग्राम वासियों को यह बताया कि गांधी वादी बनें एवं अपने आस पास में साफ सफाई रखें।

पुनः शिविर स्थल पर लौटकर प्राथमिक चिकित्सा एवं मनोविज्ञान विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ0 के0 बी0 सिंह (पूर्व प्राथमिक चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर) ने शिविरार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा के महत्व एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया। उक्त गोष्ठी में प्रो0 आई0 वी0 महापात्र ने छात्र जीवन एवं मनोस्थिति विषय पर अपने विचार रखे तथा डॉ0 वन्दना राठौर मनोविज्ञान विषय पर चर्चा की। उक्त गोष्ठी में हुई चर्चा से समस्त शिविरार्थी एवं गोष्ठी में पधारे सभी व्यक्ति लाभन्वित हुए। शिविर में रात्रि भोजन के उपरान्त शिविरार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिसका ग्राम वासियों ने भी लुत्फ उठाया।

## शिविर का तीसरा दिन दिनांक 25.01.2020

प्राथमिक विद्यालय खौंदलपुर में संचालित हो रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन सरदार बल्लभ भाई टोली ने शिविर स्थल पर एक सुन्दर रंगोली का निर्माण किया इसके पश्चात् ग्राम खौंदलपुर में शिक्षा की जागरूकता विषय पर एक रैली निकाली गयी, साथ ही ग्रामवासियों में शिक्षा की

स्थिति एवं मतदाताओं की संख्या जानने के लिए एक सर्वेक्षण किया गया तथा सरोजिनी नायडू टोली द्वारा नारा लेखन किया गया एवं विजय लक्ष्मी टोली द्वारा ग्राम खौंदलपुर में श्रमदान किया गया। प्रतिदिन की भांति शिविर स्थल पर कौशल विकास हेतु युवा एवं समाज सेवा युवाओं में योगदान विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ0 पी0 के0 गर्ग ने कौशल विकास हेतु युवा शीर्षक पर शिविरार्थियों को उनमें छिपे कौशल को विकसित करने के गुण सिखाये तथा डॉ0 नीत बिहारी लाल ने स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की शिविरार्थियों की सलाह दी। संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव ने युवा शक्ति को सही दिशा में उपयोग करते हुए समाज सेवा में अपना योगदान देने को कहा। रात्रि में भोजनोपरान्त स्वयं सेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिसका ग्रामवासियों ने भी लुत्फ उठाया।

## शिविर का चौथा दिन दिनांक 26.01.2020

प्राथमिक विद्यालय ग्राम खौंदलपुर में संचालित हो रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर इकाई के द्वारा प्रतिदिन की भांति शिविर का प्रारम्भ शिविर स्थल पर सरस्वती वंदना के द्वारा किया गया तदोउपरान्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शिवओम शर्मा एवं उनके सहयोगी डॉ0 नीत बिहारी लाल के नेतृत्व में समस्त शिविरार्थी अपने महाविद्यालय पहुंचे तथा महाविद्यालय के ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान में सम्मिलत हुए। गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव ने समस्त शिविरार्थियों को उनके द्वारा शिविर में किये जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया। तत्पश्चात् समस्त शिविरार्थी शिविर स्थल पर एकत्र हुए।

ग्राम खौंदलपुर में शिविरार्थियों के द्वारा राष्ट्रीय एकता विषय पर एक रैली निकाली गयी। प्रति दिन की भांति समस्त शिविरार्थियों के लिए दैनिक जीवन एवं सम्मान सूचना संप्रेक्षण तकनीकी विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

उक्त गोष्ठी में शिविरार्थियों द्वारा गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति गीत एवं नाटक प्रस्तुत किये गये तथा राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर से पधारे डॉ0 मुजाहिद अली ने सूचना संप्रेक्षण तकनीकि विषय पर अपने विचार व्यक्त किये तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 अवतार दीक्षित ने दैनिक जीवन में सम्मान को परिभाषित करते हुए छात्र/छात्राओं से अपील की, कि वह अपने जीवन में किसी को भी तुच्छ न समझे। यही वास्तविक सम्मान है।

## शिविर का पांचवा दिन दिनांक 27.01.2020

शिविर के पांचवे दिन शिविरार्थियों द्वारा सर्वप्रथम शिविर स्थल की साफ सफाई के पश्चात् प्रार्थना की गई। इसके उपरान्त रानी लक्ष्मीबाई टोली ने रंगोली बनाई तथा ग्राम खोंदलपुर में मतदाता जागरूकता एवं साक्षरता अभियान विषय पर एक रैली निकाली गई।

इसके पश्चात् शिविर स्थल पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ0 अब्दुल लतीफ ने मतदाता जागरूकता विषय पर अपने विचार रखे तथा अधिवक्ता श्री राजेश कुमार सैनी एवं अधिवक्ता रोहित लाठे जी ने कानून एवं आयकर के वारे में जानकारी दी।

इसी क्रम में नैनीताल बैंक बिलासपुर के शाखा प्रबन्धक श्री लखवीर सिंह एवं श्री डी0एस0 मेहता ने बैंक सम्बन्धित जानकारी शिविररार्थियों को दी। तथा एस0वी0आई0 बिलासपुर के शाखा प्रबन्धक श्री विशारत अली ने **Online Banking** के फासदे के बारे में बताया।

उक्त अवसर पर पोस्टमास्टर श्री सत्यवीर सिंह ने भारतीय डाक व्यवस्था में पिन कोड के महत्व पर प्रकाश डाला।

संगोष्ठी में महाविद्यालय के डॉ0 पी0के0 गर्ग, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 वन्दना राठौर तथा कार्यालयध्यक्ष श्री पृथी सिंह उपस्थित रहे।

अन्त में डॉ0 नीत बिहारी लाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। रात्रि में भोजनोपरान्त स्वयं सेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, जिसका ग्राम वासियों ने लुत्फ उठाया।

## शिविर का छठा दिन दिनांक 28.01.2020

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के छठे दिन शिविर स्थल की साफ–सफाई के उपरान्त वृक्षारोपण किया गया। इसके उपरान्त नारी शिक्षा एवं सम्मान तथा सड़क सुरक्षा विषय पर एक रैली निकाली गई तथा सड़क पर सभी लोगों को यातायाता के नियमों का पालन करने का अनुरोध किया।

शिविर में हुई संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ0 नीलिमा सिंह ने नारी शिक्षा एवं सम्मान विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन कासार है। डॉ0 दूसरी वक्ता डॉ0 निशा वर्मा ने बताया कि लक्ष्य विहीन जीवन निरर्थक हैं। इसी क्रम में डॉ0 अवतार दीक्षित ने सड़क–सुरक्षा पर अपने विचार रखें।

संगोष्ठी की अध्यक्षता डॉ0 पी0के0 गर्ग ने की तथा डॉ0 नीत बिहारी लाल ने सभी आगान्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। रात्रि भोजनोपरान्त शिविरार्थियों ने नारी शिक्षा एवं सम्मान विषय पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की।

## शिविर का सातवां दिन दिनांक 29.01.2020

सात दिन से चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना बिलासपुर इकाई के विशेष शिविर का आज अन्तिम दिन था। स्वयं सेवक/सेविकाएं शिविर के सफल समापन मे़ं जहाँ एक तरफ उत्साहित थे वहीं इन सात दिनों तक साथ रहने से एक दूसरे के प्रति आत्मीपता बढ़ने एवं अव विदाई से मायूस भी नजर आ रहे थे। शिविर का सुभारम्भ माँ सरस्वती की वन्दना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के गीत से हुआ।

सरोजनी नायडू टोली द्वारा मंत्र सज्जा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था की गई। विजय लक्ष्मी टोली ने सुन्दर रंगोली का निर्माण किया।

शिविर के समापन दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। कुमारी योगिता बिष्ट द्वारा पहाड़ी गीत पर नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति की गयी। कु0 किरन एवं कु0 अलका द्वारा राधा कृष्ण गीत पर सुन्दर प्रस्तुति दी गयी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम0 जे0 पी0 रुहेलखण्ड़ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ0 सोमपाल सिंह द्वारा सभी शिविरार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व एवं सात दिनों के समस्त कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा सभी शिविरार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजन के माध्यम से समाज सेवा का संकल्प दिलाया गया। समापन के शुभ अवसर पर कार्यक्रम के संरक्षक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव ने शिविरार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से सीखना एवं उस पर अमल में जाले को कहा तथा अपने आस–पास के वातावरण को प्रदूषण मुक्त रखना, स्वच्छता अभियान एवं मतदाता जागरूकता के बारे में बताया।

कार्यक्रम में गुरूनानक इन्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री हरीश चन्द्र ने राष्ट्रीय सेवा योजना से होने वाले सर्वांगीण विकास पर चर्चा की। सात दिवसीय विशेष शिविर में कु0 चीना बी0ए0 प्रथम तथा राधेश्याम बी0एस0सी0 प्रथम को **Best Camper** चुना गया। कार्यक्रम के अन्त में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शिवओम शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ0 पी0 के0 गर्ग, प्रो0 आई0 वी0 महापात्र, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 अब्दुल लतीफ, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ0 नीत बिहारी लाल, डॉ0 वन्दना राठौर, डॉ0 दिव्यांशु कुमार एवं महाविद्यालय कार्यालयाध्यक्ष श्री पृथी सिंह उपस्थित रहे।

# NSS 2018-19 REPORT

सेवा समर्पण संकल्प

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

बिलासपुर (रामपुर)

**राष्ट्रीय सेवा योजना**

मान्यवर,

अत्यन्त हर्ष के साथ आपको सूचित किया जाता है कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाविद्यालय की *'राष्ट्रीय सेवा योजना'* की इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन- रात )

## "कौशल विकास हेतु युवा"

का आयोजन दिनाक 16- 01- 2019 से 22-01-2019 तक ग्राम खौंदलपुर, तह. बिलासपुर, जनपद रामपुर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उदघाटन दिनांक 16-01-2019 को पूर्वाह्न 11:00 बजे महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के राष्ट्रीय सेवा योजना के कोआर्डिनेटर डॉ0 सोमपाल सिंह के कर- कमलों द्वारा होगा।

अतः आप से निवेदन है कि उक्त अवसर पर उपस्थित होकर शिविरार्थियों, ग्रामीणजनों एवं आयोजकों का उत्साहवर्धन कर अनुग्रहीत करें।

विनीत

**प्रो0 एम0 ए0 गौरी**
प्राचार्य/ संरक्षक
मो0 9456016642

**डा0 शिवओम शर्मा**
कार्यक्रम अधिकारी (रा.से.यो.)
मो0 9412528331

### बोद्धिक गोष्ठी कार्यक्रम विवरण विशेष शिविर (दिन–रात)

| दिनांक/दिन/समय | कार्यक्रम विवरण | सम्मानित प्रतिनिधि एवं अतिथिगण |
|---|---|---|
| 16–01–2019 बुद्धवार पूर्वाह्न 11:00 बजे | सौहार्द एवं कौमी एकता दिवस (मुख्य अतिथि द्वारा शिविर का उद्घाटन) | डॉ0 सोमपाल सिंह कोआर्डिनेटर (राष्ट्रीय सेवा योजना) एम.जे.पी. रुहेलखण्ड वि.वि. बरेली |
| 17–01–2019 गुरुवार अपराह्न 2:00 बजे | कौशल विकास हेतु युवा समाज सेवा में युवाओं का योगदान स्वच्छता अभियान | डॉ0 पी0 के गर्ग एसो0 प्राध्यापक–वाणिज्य डॉ0 नीत बिहारी लाल सहा0 प्राध्यापक (इतिहास) |
| 18–01–2019 शुक्रवार अपराह्न 2:00 बजे | दैनिक जीवन में विज्ञान सूचना सम्प्रेषण तकनीकी अंधविश्वासों की वैज्ञानिक व्याख्या व जल संरक्षण आपदा प्रबन्धन | डॉ0 निशा वर्मा सहा0 प्राध्यापक–वनस्पति विज्ञान डॉ0 अवतार दीक्षित, सहा0 प्राध्यापक-वाणिज्य |
| 19–01–2019 शनिवार अपराह्न 2:00 बजे | नारी शिक्षा एवं सम्मान सड़क सुरक्षा भारतीय संविधान व हमारे कर्तव्य | डॉ0 बी0 नाज एसो0 प्राध्यापक–संस्कृत डॉ0 नीलिमा सिंह सहा0 प्राध्यापक–शारी.शि. एवं खेल– कूद |
| 20–01–2019 रविवार अपराह्न 2:00 बजे | प्राथमिक चिकित्सा होम्यो. चिकित्सा एवं मनो विज्ञान | डॉ0 के.बी.सिंह पू.प्रा. चिकित्साधिकारी, बिलासपुर प्रो0 आई.बी.महापात्र एसो0 प्राध्यापक (समाज शास्त्र) डॉ0 वन्दना राठौर सहा0 प्राध्यापक (जन्तु विज्ञान) |
| 21–01–2019 सोमवार अपराह्न 2:00 बजे | मतदाता जागरुकता एवं आकाशवाणी साक्षरता अभियान | डॉ0 विजय कुमार तिवारी सहा0 प्राध्यापक–वाणिज्य डॉ0 दिव्यांशु सिंह, सहा0 प्राध्यापक–भौतिक विज्ञान |
| 22–01–2019 मंगलवार दोपहर 12:00 बजे | संकल्प दिवस (शिविर समापन) | प्रो0 एम0 ए0 गौरी प्राचार्य राज0 स्ना0 महाविद्यालय बिलासपुर (रामपुर) |

**विशेष : शैक्षिक संगोष्ठी, रात्रि 8:00 बजे से 9:00 बजे तक**

राष्ट्रीय सेवा योजना — सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन-रात)
(सत्र 2018-19)

दैनिक कार्य - विवरणिका

| टोली का नाम | 16.01.2019 | 17.01.2019 | 18.01.2019 | 19.01.2019 | 20.01.2019 | 21.01.2019 | 22.01.2019 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. सरदार भगत सिंह | शिविर स्थल की साफ-सफाई | गाँव में श्रमदान | गाँव में नारा लेखन | भोजन व्यवस्था | प्राथमिक चिकित्सा पर चर्चा | शिविर स्थल की साफ-सफाई | रंगोली व्यवस्था |
| 2. चन्द्रशेखर आजाद | मंच व्यवस्था | शिविर स्थल की साफ-सफाई | गाँव में श्रमदान | शिविर स्थल की साफ-सफाई | पौधा रोपण | गाँव में श्रमदान | भोजन व्यवस्था |
| 3. अहिल्या बाई | भोजन व्यवस्था | ग्रामीण स्वच्छता जागरूकता | शिविर स्थल की साफ-सफाई | नारा लेखन | रंगोली व्यवस्था | मतदाता जागरूकता पर चर्चा | मंच संचालन |
| 4. कल्पना चावला | रंगोली व्यवस्था | भोजन व्यवस्था | रंगोली व्यवस्था | नारी शिक्षा पर चर्चा | शिविर स्थल की साफ-सफाई | गाँव में मतदाता जागरूकता, साक्षरता अभियान | मंच सज्जा |
| 5. रानी लक्ष्मी बाई | शिविर स्थल की साफ-सफाई | शिविर स्थल पर नारा लेखन | भोजन व्यवस्था | रंगोली व्यवस्था | गाँव में प्राथमिक चिकित्सा पर चर्चा | भोजन व्यवस्था | रंगोली व्यवस्था |
| 6. मदर टेरेसा | जलपान व्यवस्था | रंगोली व्यवस्था | गाँव में स्वच्छता अभियान | सड़क सुरक्षा पर चर्चा | भोजन व्यवस्था | रंगोली व्यवस्था | शिविर स्थल की साफ-सफाई |

प्रतिहस्ताक्षरित

प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बिलासपुर (रामपुर)

डॉ. शिवओम शर्मा
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
रा0 स्ना0 महाविद्यालय
बिलासपुर (रामपुर)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## सत्र 2018–19

## सात दिवसीय विशेष शिविर

16–22 जनवरी 2019

स्थान – ग्राम खोंदलपुर बिलासपुर

प्रो0 एम0ए0 गौरी
प्राचार्य

डॉ0 शिवओम शर्मा
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना

राजकीय स्ना0 महाविद्यालय बिलासपुर, रामपुर

(सम्बद्ध एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली)





# शिविर का प्रथम दिन दिनांक 16–01–2019

राजकीय स्ना0 महाविद्यालय बिलासपुर, रामपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर "कौशल विकास हेतु युवा" के प्रथम दिवस पर महाविद्यालय के प्राचार्य तथा शिविर के उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो0 एम0ए0 गौरी ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारम्भ किया तत्पश्चात् बिलासपुर के समाज सेवी एवं शिविर के विशिष्ट अतिथि पंडित श्री संतोष शर्मा, गुरूनानक इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री हरिश्चन्द्र महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं प्राथमिक विद्यालय खोंदलपुर की प्रधानाध्यापिका ने पुष्प अपर्ण कर ज्ञान ज्योति जलाकर शिविर के सफल संचालन की प्रार्थना की तथा अपनी शुभकामनाएं भी दीं।

शिविरार्थियों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया शिविर के मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य ने ग्रामिणों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता पर विशेष जोर देने को कहा। विशिष्ट अतिथि संतोष शर्मा ने जल, वृक्ष और कुम्भ के महत्व पर प्रकाश डाला। उदघाटन सत्र के बाद शिविर स्थल की साफ–सफाई कर श्रमदान किया और गांव में स्वच्छता जागरूकता हेतु एक रैली भी निकाली गई जिसे मुख्य अतिथि महोदय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ0 पी0के0 गर्ग, प्रो0 आई0बी0 महापात्रा, डॉ0 बी0 नाज, डॉ0 नीलिमा, डॉ0 नीत बिहारी लाल, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 वी0के0 तिवारी, डॉ0 वंदना राठौर, डॉ0 दिव्यांशु सिंह, एवं प्राथमिक विद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं गॉव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिविर का दूसरा दिन दिनांक 17–01–2019

सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन शिवरार्थियों ने शिविर स्थल की साफ–सफाई की तथा इसके पश्चात् स्वच्छता अभियान के तहत एक रैली निकाली गई। जिसमें ग्रामीणजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा ग्राम खोंदलपुर की गलियों में झाडू लगाई तथा गॉव की नालियों की साफ–सफाई की। मदर टेरेसा टोली ने शिविर स्थल पर रंगोली बनाई। शिविर के दौरान हुई संगोष्ठी ने मुख्य वक्ता डॉ0 पी0के0 गर्ग ने कौशल विकास हेतु युवाओं में छिपी प्रतिभा को उभारने एवं उसमें अपना भविष्य सुरक्षित करने हेतु शिविरार्थियों को अपने सुझाव दिये। गोष्ठी में डॉ0 नीत बिहारी लाल ने समाज में युवाओं की भूमिका एवं राष्ट्र निमार्ण में योगदान विषय पर विचार रखें। शिविर में रात्रि भोजन के उपरान्त शिविरार्थियों द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

# शिविर का तीसरा दिन दिनांक 18–01–2019

शिविर के तीसरे दिन शिविरार्थियों ने शिविर स्थल की साफ–सफाई के पश्चात् ग्राम खोंदलपुर में घर–घर जाकर साक्षर एवं निरक्षर लोगों की एक सूची बनाई तथा ग्रामिणजनों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया तथा जीवन में शिक्षा के महत्व को समझाया। कल्पना चावला टोली ने शिविर स्थल पर रंगोली का निर्माण किया तथा सरदार भगत सिंह टोली ने गॉव की दीवारों पर शिक्षा जागरूकता विषय पर नारा लेखन किया। शिविर के दौरान हुई संगोष्ठी में मुख्य वक्ता प्रो0 आई0बी0 महापात्रा ने अंधविश्वासों की वैज्ञानिक व्याख्या व जल संरक्षण आपदा प्रबन्धन के बारे में शिविरार्थियों को विस्तार से बताया। तथा डॉ0 निशा वर्मा ने दैनिक जीवन में विज्ञान एवं सूचना तकनीकी विषय पर प्रकाश डाला। रात्रि में भोजनोपरान्त स्वयं सेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिसका ग्रामवासियों ने भी लुत्फ उठाया।

# शिविर का चौथे दिन दिनांक 19–01–2019

शिविर के चौथे दिन प्रातः सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना गीत के पश्चात् शिविरार्थियों ने शिविर स्थल प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में वृक्षारोपण किया। तथा वृक्ष लगाओं देश बचाओं का नारा लगाया। इसके पश्चात् ग्राम खोंदलपुर में श्रमदान किया तथा एक रैली निकालकर ग्रामवासियों को नारी शिक्षा एवं सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। अहिल्या बाई टोली द्वारा नारा लेखन किया गया। शिविर के दौरान सम्पन्न हुई संगोष्ठी में महाविद्यालय प्राध्यापिका डॉ0 बी0 नाज ने नारी शिक्षा एवं सम्मान एवं डॉ0 नीलिमा सिंह ने भारतीय संविधान एवं हमारे कर्त्तव्य विषय पर शिविरार्थियों को जानकारी दी।

सांस्कृतिक संध्या में शिविरार्थियों ने बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं शीर्षक पर लघुनाटिका प्रस्तुत कर ग्रामवासियों का मन मोह लिया।

# शिविर का पॉचवा दिन दिनांक 20–01–2019

शिविर के पॉचवे दिन शिविरार्थियों ने शिविर स्थल की साफ–सफाई की तथा अहिल्या बाई टोली द्वारा रंगोली बनाई गयी तथा सरदार भगत सिंह टोली एवं रानी लक्ष्मीबाई टोली ने ग्रामवासियों को प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी तथा प्रत्येक घर में ग्रामवासियों से शौचालय बनाने के लिये कहा।

आज के मुख्य वक्ता डॉ0 के0बी0 सिंह (पू0प्रा0 चिकित्साधिकारी बिलासपुर) ने शिविरार्थियों एवं ग्रामवासियों को प्राथमिक चिकित्सा, होम्यो चिकित्सा एवं मनोविज्ञान के बारे में जानकारी दी।

रात्रि में भोजनोपरान्त स्वयं सेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में गन्दगी से होने वाली बीमारी को लेकर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की जिसको देखकर ग्रामवासी भावविभोर हो गये।

# शिविर का छठा दिन दिनांक 21–01–2019

राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के विशेष शिविर का छठा दिन मतदाता जागरूकता के रूप में मनाया गया। शिविरार्थियों द्वारा शिविर स्थल की साफ–सफाई के पश्चात् ग्राम खोंदलपुर में शिविरार्थियों द्वारा एक रैली निकाली गयी। जिसे बिलासपुर के उपजिलाधिकारी महोदय श्री दुर्गेश कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान शिविरार्थियों ने ग्रामवासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया तथा साथ ही दीवारों पर मतदाता जागरूकता के स्लोगन भी लिखे। शिविर में हुई संगोष्ठी में उपजिलाधिकारी बिलासपुर श्री दुर्गेश गुप्ता एवं तहसीलदार बिलासपुर श्री रणविजय सिंह ने शिविरार्थियों एवं ग्रामीण जनों को मतदान के प्रति जागरूक किया। तथा डॉ0 वी0के0 तिवारी ने आकाशवाणी साक्षरता अभियान विषय पर शिविरार्थियों को जानकारी दी। रात्रि भोजनोपरान्त शिविरार्थियों ने मतदाता जागरूकता पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की।

# शिविर का सातवॉ दिन दिनांक 22–01–2019

सात दिन से चल रहे रा0से0यो0 ईकाई के विशेष शिविर का आज अन्तिम दिन था। स्वयं सेवक शिविर के सफल समापन में जहॉ एक तरफ उत्साहित थे वहीं इन सात दिनों तक साथ रहने से एक दूसरे के प्रति आत्मीयता बढने एवं अब विदाई से मायूस भी नजर आ रहे थे। शिविर के सातवें दिन शिविरार्थियों ने शिविर स्थल की साफ–सफाई की तथा रंगोली भी बनाई। शिविर के समापन के अवसर पर शिविरार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। तथा प्रधानपति ग्राम खोंदलपुर ने डायरी एवं पैन देकर शिविरार्थियों का उत्साह वर्धन किया। तथा अन्त में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 एम0ए0 गौरी ने अपने सम्बोधन में सभी शिविरार्थियों की भूरी–भूरी प्रशंसा की एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये कार्यक्रम अधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाऐं दीं। अन्त में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शिवओम शर्मा ने सभी आगंतुको एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारीगणों तथा प्राथमिक विद्यालय खोंदलपुर के समस्त स्टाफ एवं बिलासपुर के सभी समाचार पत्र के पत्रकार बन्धुओं एवं अन्य सभी गणमान्य व्यक्ति तथा अपने सहयोगी साथी डॉ0 नीत बिहारी लाल का धन्यावद ज्ञापित किया।

# NSS 2017-18 REPORT

सेवा | समर्पण | संकल्प

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

बिलासपुर (रामपुर)

### राष्ट्रीय सेवा योजना

मान्यवर,

अत्यन्त हर्ष के साथ आपको सूचित किया जाता है कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाविद्यालय की *'राष्ट्रीय सेवा योजना'* की इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन–रात)

### "कौशल विकास हेतु युवा"

का आयोजन दिनांक 15–01–2018 से 21–01–2018 तक ग्राम खौंदलपुर, तह. बिलासपुर, जनपद रामपुर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन दिनांक 15–01–2018 को मध्याह्न 12:00 बजे महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के राष्ट्रीय सेवा योजना के कोआर्डिनेटर डॉ0 सोमपाल सिंह के कर–कमलों द्वारा होगा।

अतः आप से निवेदन है कि उक्त अवसर पर उपस्थित होकर शिविरार्थियों, ग्रामीणजनों एवं आयोजकों का उत्साहवर्धन कर अनुग्रहीत करें।

विनीत :

*प्रो0 एम0 ए0 गौरी*
प्राचार्य/संरक्षक
मो0 9456016642

*डॉ0 जगजीवन राम*
कार्यक्रम अधिकारी (रा.से.यो.)
मो0 9410267556

## बौद्धिक गोष्ठी कार्यक्रम विवरण विशेष शिविर (दिन–रात)

| दिनांक/दिन/समय | कार्यक्रम विवरण | सम्मानित प्रतिनिधि एवं अतिथिगण |
|---|---|---|
| 03–02–2017 शुक्रवार दोपहर 12:00 बजे | सौहार्द एवं कौमी एकता दिवस (मुख्य अतिथि द्वारा शिविर का उद्घाटन) | *डॉ0 सुनीता शर्मा* प्राचार्या राज0 स्ना0 महाविद्यालय बिलासपुर (रामपुर) |
| 04–02–2017 शनिवार अपराह्न 2:00 बजे | कौशल विकास हेतु युवा समाज सेवा में युवाओं का योगदान मतदाता जागरुकता | *डॉ0 अवतार दीक्षित* सहा0 प्राध्यापक–वाणिज्य *डॉ0 शिव ओम शर्मा* सहा0 प्राध्यापक–गणित |
| 05–02–2017 रविवार अपराह्न 2:00 बजे | दैनिक जीवन में विज्ञान सूचना सम्प्रेषण तकनीकी एवं आकाशवाणी जल संरक्षण | *डॉ0 विजय कुमार तिवारी* सहा0 प्राध्यापक–वाणिज्य *डॉ0 हेमन्त कुमार* सहा0 प्राध्यापक–गणित |
| 06–02–2017 सोमवार अपराह्न 2:00 बजे | स्वच्छ भारत शिक्षित भारत सड़क सुरक्षा अंधविश्वासों की वैज्ञानिक व्याख्या | *डॉ0 बी0 नाज*, एसो0 प्राध्यापक–संस्कृत *डॉ0 सरस्वती*, सहा0 प्राध्यापक–अर्थशास्त्र *डॉ0 विजय कुमार*, सहा0 प्राध्यापक–जन्तु विज्ञान |
| 07–02–2017 मंगलवार अपराह्न [illegible]0 बजे | नारी शिक्षा एवं सम्मान भारतीय संविधान व हमारे कर्तव्य सर्व शिक्षा अभियान | *डॉ0 नीलिमा सिंह*, सहा0 प्राध्यापक–शारी.शि. एवं खेल–कूद *डॉ0 राकेश चन्द्र*, सहा0 प्राध्यापक–राज.विज्ञान *श्री एन.पी. श्रीवास्तव*, खण्ड शि.अधि., बिलासपुर |
| 08–02–2017 बुधवार अपराह्न 2:00 बजे | प्राथमिक चिकित्सा होम्यो. चिकित्सा नेत्र चिकित्सा एवं मनो विज्ञान | *डॉ0 के. बी. सिंह*, पू.प्र. चिकित्साधिकारी, बिलासपुर *डॉ0 निशा वर्मा*, सहा0 प्राध्यापक–वनस्पति विज्ञान *डॉ0 अरविन्द उपाध्याय*, सहा0 प्राध्यापक–हिन्दी |
| 09–02–2017 बृहस्पतिवार दोपहर 12:00 बजे | संकल्प दिवस (शिविर समापन) | *डॉ0 सुनीता शर्मा* प्राचार्या–राज0 स्ना0 महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) *डॉ0 मनवीर सिंह*, मु. अतिथि कार्यक्रम समन्वयक रा. सेवा योजना (एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली) |

**विशेष : शैक्षिक संगोष्ठी, रात्रि 8:00 बजे से 9:00 बजे तक**

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर–रामपुर (उत्तर प्रदेश)

## राष्ट्रीय सेवा योजना

(सत्र– 2017–18)

# वार्षिक आख्या

| | |
|---|---|
| प्राचार्य, | कार्यक्रम अधिकारी |
| प्रो0 एम0ए0 गौरी | डॉ0 जगजीवन राम |

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर, रामपुर।
## राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई)

## वार्षिक आख्या (सत्र 2017–18)

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर सैंजनी नदी के किनारे स्थित ग्राम पंचायत खूंटाखेडा के मझरा कुआंखेडा की आबादी पर सन् 1997 से छात्र/छात्राओं को विकास के साथ–साथ अन्य गतिविधियों में अग्रणी है। महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं के सर्वांगीय विकास हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना की एक इकाई भी संचालित की जा रही है। इस इकाई में 100 स्वयं सेवक एवं सेविकाऐं पंजीकृत हैं जिसमें 50 स्वयं सेवक व 50 स्वयं सेविकाएं शामिल हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम रसायन विज्ञान विभाग के नेतृत्त में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं जिनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैः–

इस सत्र में ग्राम खौंदलपुर तह0 बिलासपुर–रामपुर को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सामान्य एवं विशेष शिविर को संचालित करने के लिए चयनित किया गया। जिसकी दूरी महाविद्यालय से लगभग 6 किमी0 उत्तर दिशा में है यह गांव शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं आर्थिक दृष्टि से काफी पिछडा हुआ है।

01 जुलाई से 07 जुलाई 2017 तक वन महोत्सव सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक/सेविकाओं ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण को वचाने का संलल्प लिया। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ0 बी0 नाज़ ने भी वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्ति रहे।

15 अगस्त 2017 को स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वयं सेवक एवं सेविकाओं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ0 बी0 नाज़ द्वारा झण्डात्तोलन के पश्चात् सजल वर्मा, मनदीप कौर, समन सैफी, चेतना कुर्बंशी, नाजरीन, मनदीप कौर, प्रगति राणा आदि ने भक्ति गीत ये मेरे वतन के लोगो'' एवं नीतू कुमारी, विनीता कुमारी ने ''हम होगें कामयाब, हम होगें कामयाब'' तुषार गुप्ता ने ''जहां डाल–डाल पर सोने की चिड़िया करती हैं रैन बसेरा'' जैसे देशभक्ति गीतों के माध्यम से हमें अपने देश की गरिमा एवं आजादी का आभास कराया। वहीं अमित कुमार, रिशाल सिंह, बलजिन्दर सिंह, जसपाल, आकाश कुमार, जोगेन्द्र सिंह ने समाज को खोखला कर रही बेरोजगारी, भ्रष्टाचार एवं गरीबी जैसी समस्याओं पर खुल कर अपने विचार रखे। इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम के साथ ही हिन्दी के असि0 प्रो0 डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय एवं समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। दिनांक 01 अगस्त से 15 अगस्त 2017 तक वृहद स्तर पर स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ0 बी0 नाज़ ने स्वयंसेवक/स्वयं सेविकाओं को स्वच्छता पखवाड़ा के वारे में विस्तार से जानकारी दी एवं महाविद्यालय परिवार में डॉ0 नीलिमा सिंह असि0 प्रो0 शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद, डॉ0 सरस्वती असि0 प्रो0 अर्थशास्त्र, डॉ0 विजय कुमार असि0 प्रो0 जन्तु विज्ञान, डॉ0 निशा वर्मा, असि0 प्रो0 वनस्पति विज्ञान, डॉ0 राकेश चन्द्र असि0 प्रो0 राजनीति विज्ञान, डॉ0 हेमन्त कुमार, असि0 प्रो0

गणित, डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय असि0 प्रो0 हिन्दी, डॉ0 वी0के0 तिवारी असि0 प्रो0 वाणिज्य, डॉ0 शिवओम शर्मा असि0 प्रो0 गणित, डॉ0 अवतार दीक्षित असि0 प्रो0 वाणिज्य एवं कार्यालय अधीक्षक श्री पृथ्वी सिंह व कार्यालय लिपिक श्री ओमप्रकाश सैनी आदि उपस्थित रहे।

20 अगस्त 2017 को महाविद्यालय में सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में पंजीकृत स्वयं सेवक/सेविकाओं ने प्रतिभाग किया।

05 सितम्बर 2017 को महाविद्यालय में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक/सेविकाओं ने महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की एवं अपने शैक्षणिक विकास में शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण वताया और कहा कि हम बिना गुरू के उच्च शिखर पर नहीं पहुँच सकते।

08 सितम्बर से 14 सितम्बर 2018 तक अन्तराष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह का अयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के पंजीकृत स्वयं सेवक/सेविकाओं ने प्रतिभाग किया एवं सभी स्वयं सेवक/सेविकाऐं उपस्थित रहे।

23 सितम्बर 2017 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के अनुक्रम में उपजिला अधिकारी बिलासपुर की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में तहसीलदार बिलासपुर ने जनवरी 1999 से पूर्व की जन्मतिथि वाले जिनकी आयु 01 जनवरी 2018 को 19 वर्ष हो जायेगी को अपना मतदान हेतु पंजीकरण कराने पर बल दिया। उपजिला अधिकारी के निदेशन में कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना) द्वारा छात्र/छात्राओं को मतदान के पंजीकरण हेतु फार्म–6 का वितरण किया गया।

24 सितम्बर 2017 को महाविद्यालय में एन0एस0एस0 दिवस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम ने महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले नये छात्र/छात्राओं के साथ ही पुराने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि एन0एस0एस0 किस तरह से हमें शिक्षा के साथ–साथ समाज सेवा करने का मौका प्रदान करता है। साथ ही उन्होंने यह भी बाताया कि एन0एस0एस0 सिर्फ हमें समाज या राष्ट्रसेवा का ही साधन नहीं देता बल्कि इसके साथ–साथ हमारे कैरियर के विकास में भी सहायक है। इस कार्यशाला में लगभग 100 से अधिक छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे।

28 सितम्बर 2017 को चुनाव आयोग के निर्देशन में महाविद्यालय में ***''राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का योगदान''*** विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 एम0ए0 गौरी ने की, संगोष्ठी में छात्रों में स्वाती कुमारी, चेतना कुरूवंशी, मंजू कुमारी, धनवती, कु0 भागवती, कु0 प्रीति, नीतू कुमारी, रजविन्द्र कौर, मनदीप कौर आदि ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर डॉ0 बी0 नाज, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 अरविन्द उपाध्याय, डॉ0 विजय कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम ने किया।

01 अक्टूबर 2017 को राष्ट्रीय रक्तदान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक/सेविकाओं को रक्तदान के वारे में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम ने विस्तार से जानकारी दी।

2 अक्टूबर 2017 को एन0एस0एस0 के तत्वाधान में गाँधी जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 एम0ए0 गौरी के साथ ही कार्यक्रम अधिकारी ने गाँधी जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। आकाश यादव, हरिओम सैनी, विकास कुमार, जोगेन्द्र सिंह, आदिल खान, मौ0 रिजवान, मोहसिन, गुरप्रीत सिंह, सियापाल, तुषार गुप्ता, सैजल वर्मा, अंजुम निशा, कु0 फिजा खानम, कुलविन्दर कौर आदि के द्वारा बड़े सुन्दर ढंग से ''रघुपति राघव राजा राम''

पेश किया गया। तत्पश्चात् महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग के असि0 प्रो0 डॉ0 अवतार दीक्षित, हिन्दी विभाग के असि0 प्रो0 डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय ने भी गाँधी जी के विचारों को स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एन0एस0एस0 के सेवार्थियों के साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य तथा कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य प्राध्यापकों ने महाविद्यालय परिसर में झाडू लगाकर अपने आस–पास के परिवेश को साफ सुथरा रखने का सन्देश दिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम ने किया, अन्त में प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

16 अक्टूबर 2017 को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तत्वाधान में महाविद्यालय में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया जिसमें खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के जनपदीय अधिकारियों के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वयं सेवक स्वयं सेविकाओं द्वारा खाद्य सुरक्षा सम्बन्धी विषयों पर प्रोजेक्ट, पेन्टिंग/स्लोगन प्रतियोगिता, गोष्ठी आदि का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 विजय कुमार जन्तु विज्ञान विभाग ने अपने विचार प्रस्तुत किये एवं डॉ0 विजय कुमार तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ0 पी0 के0 गर्ग विभागाध्यक्ष वाणिज्य ने भी खाद्य मिलावट के बारे में विस्तार से बताया।

18 अक्टूबर 2017 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के अनुक्रम में प्राचार्य प्रो0 एम0ए0 गौरी की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक ***''राष्ट्र के निर्माण में मतदाता की भूमिका''*** रहा। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं में चेतना कुरूवंशी, मनदीप कौर, नाजरीन, निशा कुमारी, रजविन्दर कौर, कु0 नेहा, कु0 धनवती, भागवती आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

22 अक्टूबर 2017 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर–रामपुर में चुनाव आयोग के अनुपालन में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 एम0ए0 गौरी ने हरी झण्ड़ी दिखाकर किया। रैली महाविद्यालय परिसर से ग्राम कुआँखेडा होते हुए अमरदीप होटल तक पहुंची। छात्र/छात्राओं ने हाथों में चुनाव स्लोगन पट्टिकाएं लेकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा शिविरार्थियों/ छात्र/छात्राओं तथा ग्राम वासियों को मतदान करने की शपथ भी दिलायी। इस विशाल मतदाता जागरूकता रैली में चेतना कुरूवंशी, मनदीप कौर, नाजरीन, निशा कुमारी, रजविन्दर कौर, कु0 नेहा, कु0 धनवती, भागवती, विनीता कुमारी, सैजल वर्मा, समन सैफी, नरेन्द्र कौर, रनजीत कौर, सन्दीप कौर, शिवम, विशाल सिंह, जितेन्द्र यादव आदि का विशेष योगदान रहा। प्राचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी ग्राम वासियों को मतदान करना आवश्यक होता है, उन्होने यह भी कहा कि मतदान के समय कोई भी ग्रामवासी किसी भी तरह के प्रलोभन में ना आये और निष्पक्ष मतदान करे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों में डॉ0 बी0 नाज, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 नीत बिहारी लाल, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ0 विजय कुमार तिवारी, डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 शिवम शर्मा, डॉ0 विजय कुमार, डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय, श्री पृथी सिंह, श्री ओमप्रकाश, श्री भूपेन्द्र, श्री मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे। रैली का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम व डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय ने किया।

24 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक महाविद्यालय में विश्व यातायात सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य एवं विद्ववान साथियों ने छात्र/छात्राओं को यातायात के नियम आदि की विशेष जानकारी दी।

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली के एन0एस0एस0 कोआर्डीनेटर डॉ0 सोमपाल सिंह के निर्देशन में समस्त कार्यक्रम अधिकारियों की एक बैठक का दिनांक 23 नवम्बर 2017 को प्रातः 10:30 बजे माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के एम0बी0ए0 हॉल में आयुक्त की गयी। उक्त बैठक में डॉ0 अंशुमालि शर्मा विशेष कार्यधिकारी व राज्य सम्पर्क अधिकारी, लखनऊ, उ0प्र0 एवं डॉ0 अशोक श्रोती क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार उपस्थित रहे। उक्त बैठक में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम ने भी प्रतिभाग किया।

1 दिसम्बर 2017 को ''विश्व एड्स दिवस'' के रूप में मनाया गया, जिसमें शिविरार्थियों के बीच पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में प्रथम–चेतना कुरूवंशी, द्वितीय– मनदीप कौर और तृतीय स्थान– स्वाति कुमारी, ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 एम0 ए0 गौरी ने विश्व एड्स दिवस के वारे में विस्तार से जानकारी दी महाविद्यालय परिवार के सदस्यों में सर्व श्री डॉ0 पी0के0 गर्ग, डॉ0 बी0 नाज़, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 विजय कुमार, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ0 नीति बिहारी लाल, डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय, डॉ0 विजय कुमार तिवारी, डॉ0 शिवओम शर्मा, डॉ0 अवतार दीक्षित आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेवक एवं सेविकाओं का उत्साह वर्धन किया।

05 दिसम्बर 2017 को अन्तराष्ट्रीय, स्वयं सेवक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सामान्य शिविर में पंजीकृत सभी शिविरार्थी उपस्थित रहे।

10 दिसम्बर 2017 को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य वक्ता डॉ0 विजय कुमार जन्तु विज्ञान रहे। अध्यक्षता प्राचार्य एवं संचालन कार्यक्रम अधिकारी ने किया।

14 दिसम्बर 2017 को ग्राम खौंदलपुर (बिलासपुर) में प्रथम एकदिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शिविरार्थियों ने ग्राम वासियों की समस्याओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। शिविरार्थियों ने टोली बनाकर गाँव की साफ–सफाई, पानी की निकासी, प्राथमिक विद्यालय खौंदलपुर में बच्चों की उपस्थिति तथा मध्याह्न भोजन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की तथा ग्रामवासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम के साथ डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय असि0 प्रो0 हिन्दी भी उपस्थित रहे।

13 जनवरी 2018 को ग्राम खौंदलपुर में द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शिविरार्थियों द्वारा प्राथमिक विद्यालय खौंदलपुर में श्रमदान किया एवं विद्यालय के बच्चों को स्वच्छता आदि के वारे में विस्तृत जानकारी दी।

15 जनवरी 2018 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर, रामपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ ग्राम खौंदलपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 एम0 ए0 गौरी ने फीता काटकर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में गुरू नानक इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री हरीश चन्द्र जी रहे। कार्यक्रम आरम्भ में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने पुष्प अर्पण कर माल्यार्पण किया। साथ ही कॉलेज के प्राचार्य द्वारा दीप का प्रज्वलन भी किया गया। हिन्दी विभाग के विभागध्यक्ष डॉ0 अरविन्द उपाध्याय ने माँ सरस्वती की स्तुति वैदिक मन्त्रों द्वारा की। तद्पश्चात् शिविरार्थियों द्वारा सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 एम0ए0 गौरी ने अपने आशीर्वचन में शिविरार्थियों को अनुशासन में

रहकर शिविर को सफल बनाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक/प्राध्यापिकाओं ने सर्व श्री डॉ0 पी0के0 गर्ग, डॉ0 बी0 नाज़, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 विजय कुमार, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ0 नीति बिहारी लाल, डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय, डॉ0 विजय कुमार तिवारी, डॉ0 शिवओम शर्मा, डॉ0 अवतार दीक्षित, कार्यालय अधीक्षक श्री पृथी सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 वी0के0 तिवारी ने किया, कार्यक्रम के अन्त में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम ने आभार व्यक्त किया। दिनांक 16.01.2018 को शिविर के दूसरे दिन शिविरार्थियों ने शिविर स्थल (प्रा0वि0 खौदलपुर) शिविर स्थल की साफ–सफाई कर रंगोली बनाई। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी शिविरार्थियों को टोली में विभक्त किया। सभी टोलियों को अपनी–अपनी जिम्मेदारी शौंपी गयी। प्रातः बेला में शिविरार्थियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना गीत ''हम होंगे कामयाब'' तथा ''सारे जहाँ से अच्छा'' गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी एवं डॉ0 अरविन्द उपाध्याय के नेतृत्व में शिविरार्थियों द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें नारी शिक्षा, बाल कल्याण, पर्यावरण, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारों से ग्राम खौंदलपुर गुंजैमाल हो गया। आज अपरान्ह दो बजे स्वच्छता अभियान पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें शिविरार्थियों ने अपना–अपना परिचय देकर, अपने–अपने विचार प्रस्तुत किये। स्वंय सेवकों में वीरेन्द्र कुमार, जोगेन्द्र सिंह, जसपाल तथा स्वयं सेविकाओं में नाजरीन, रजवन्त कौर, सैजल वर्मा, आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर पूर्व स्वयं सेवक सुखवीर यादव, नन्दकिशोर यादव, अजय कश्यप, सन्दीप कश्यप आदि उपस्थति रहे।

17 जनवरी 2018 को शिविर के तीसरे दिन शिविर स्थल पर ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम टोली ने रंगोली बनाने का कार्य किया। भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी सरदार भगत सिंह टोली की रही एवं गांव में सर्वेक्षणकार लक्ष्मीबाई टोली तथा महात्मा गाँधी टोली द्वारा किया गया। प्रातः बेला में प्रार्थना के पश्चात् एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें शिविरार्थियों ने ग्रामीणों को महिला सुरक्षा, रक्तदान, मतदान, पर्यावरण आदि के प्रति सजग किया तथा शिविरार्थियों द्वारा ग्राम खौंदलपुर में श्रमदान का कार्य किया गया। 2 बजे दैनिक जीवन में सूचना सम्प्रेषण एवं तकनीकी, अन्धविश्वासों की वैज्ञानिक व्याख्या एवं जल संरक्षण, आपदा प्रबन्धन पर शिविरार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये। स्वयं सेवकों में राकेश कुमार, जितेन्द्र यादव, अमित कुमार, तुषार गुप्ता तथा स्वयं सेविकाओं में धनवती कश्यप, नाजरीन, मनदीप कौर, सन्दीप कौर, कुलविन्दर कौर, नीतू कुमारी आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

18 जनवरी 2018 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर, रामपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय शिविर के चौथे दिन शिविरार्थियों ने शिविर स्थल की साफ–सफाई की इसके बाद डॉ0 भीमराव अम्बेडकर टोली ने आकर्षक रंगोली बनाई। कल्पना चावला टोली ने ग्रामीण सर्वेक्षण तथा अब्दुल कलाम टोली ने भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी का निर्भाहन किया। इसके बाद ग्राम खौंदलपुर में एक ग्रामीण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें सभी शिविरार्थियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। रैली में पर्यावरण, साक्षरता, प्रोढशिक्षा, कल्या भ्रूण हत्या, टीकाकरण, मतदाता जागरूकता, बेटी बचाओ, बेटी पढाओं के नारों से इस रैली का शुभारम्भ किया गया। रैल प्राथमिक विद्यालय खौंदलपुर से सोमबार की बाजार होते हुए बिलासपुर के मुख्य चौराहे पर पहुँची, वहां पर शिविररार्थियों ने यातायात के नियमों को यात्रियों को बताया तथा श्रमदान का साफ–सफाई रहने का सन्देश दिया।

आज अपरान्ह दो बजे एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक था नारी शिक्षा और सम्मान तथा सड़क सुरक्षा पर छात्र–छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किये। शिविरार्थियों में अमित कुमार, हरिओम सैनी, नासिर, गुरप्रीत, मनोज पाल, मनदीप कौर, सनदीप कौर, नीतू कुमारी, शेवी नाज

आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 एम0ए0 गौरी ने शिविरार्थियों के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किये। डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय ने नारी शिक्षा और सम्मान पर अपने विचार प्रस्तुत किये और उन्होंने अपने विचारों मे यह भी कहा कि महिलाओं के प्रति समाज का नजरिया तेजी से बदल रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम ने ज्ञानवर्धक बातें शिविरार्थियों के समक्ष रखीं, उन्होंने कहा कि चरित्र एक वृक्ष के समान है।

19 जनवरी 2018 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर, रामपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सात दिवसीय शिविर के पॉचवें दिन सर्वप्रथम शिविर स्थल की साफ–सफाई की तथा प्रार्थना गीत, राष्ट्रीय सेवा योजना गीत हम होगें कामयाब तथा सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा गीत के माध्यम से आज के शिविर का शुभारम्भ हुआ। शिविर में कल्पना चावला टोली के सौजन्य से वृक्षारोपण का आयोजन किया गया, भीमराव अम्बेडकर टोली ने भोजन व्यवस्था, डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम टोली ने सर्वेक्षण का कार्य, लक्ष्मीबाई टोली ने साक्षरता तथा श्रमदान का कार्य किया, सरकार भगत सिंह टोली ने नारा लेखन का कार्य किया। अपरान्ह दो बजे एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय था ''प्राथमिक चिकित्सा, नेत्र चिकित्सा एवं होम्यो चिकित्सा'' इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि पूर्व चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर के डॉ0 के0बी0 सिंह रहे। डॉ0 के0बी0 सिंह ने शिविरार्थियों को प्राथमिक उपचार आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय ने वैज एवं बुकें देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। शिविरार्थियों स्वागत गीत के माध्यम से मुख्य अतिथि का अभिवादन किया।

20 जनवरी 2018 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समापन समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 एम0ए0 गौरी द्वारा की गयी विशिष्ट अतिथि के रूप में गुरू नानक इण्टर कॉलेज के प्राधानाचार्य श्री हरीश कुमार जी ने की शिविरार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया तथा कु0 चेतना कुर्वंशी एवं सन्दीप सिंह ने सांस्कृतिक नृत्त प्रस्तुत कर सवका मन मोह लिया। कु0 सेजल वर्मा ने नृत्त कर सवको मन मोहक कर दिया। मुख्य अतिथि द्वारा वेस्ट कैम्प का पुरस्कार छात्र वर्ग में जितेन्द्र कुमार को तथा छात्रा वर्ग में विनीता कुमारी को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक पुरस्कार कु0 चेतना कुर्वंशी तथा सेजल वर्मा को दिया गया। विरेन्द्र एवं उन्नती शर्मा ने एक घरेलू नाटक प्रस्तुत किया। चेतना कुर्वंशी तथा सन्दीप सिंह ने शिव पार्वती के नाटक का मंचन किया।

कार्यक्रम के अन्त में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम ने वार्षिक आख्या पढ़ने के साथ–साथ शिविर में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं गणमान्य व्यक्तियों तथा सभी प्राध्यापकों एवं शिविरार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी के साथ ही महाविद्यालय परिवार से डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 विजय कुमार, डॉ0 पी0के0 गर्ग, डॉ0 बी0 नाज़, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 विजय कुमार तिवारी, डॉ0 शिवओम शर्मा, डॉ0 नीति बिहारी लाल आदि ने शिविर में अपना अमूल्य योगदान देकर शिविर को सफलता की ओर पहुँचाने में अपना सहयोग दिया।

दिनांक 5 जून 2017 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के नेत्त्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया तथा महाविद्यालय में शिविरार्थियों ने वृक्षारोपण किया। उच्च शिक्षा निदेशक उ0प्र0 इलाहाबाद के पत्रांक सं0 5024/2018–19 दिनांक 18.06.2018 के अनुपालन में दिनांक 21 जून 2018 को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बिलासपुर के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम के नेतृत्व में शिविरार्थियों ने पुरानी मण्डी बिलासपुर में शिविरार्थियों, विकास कुमार, चेतना कुर्वंशी, नाजरीन, मनदीप कौर, नीतू कुमारी, पूर्व शिविरार्थी प्रगति राना आदि प्रतिभाग किया।

इस प्रकार उपर्युक्त गतिविधियों के द्वारा सत्र 2017–18 के सामान्य एवं विशेष शिविरों का आयोजन किया गया तथा महाविद्यालय स्तर पर मतदाता जागरूकता रैली, संगोष्ठी आयोजित की गयीं। सीमित संसाधनों द्वारा कार्यक्रम को बेहतर करने का प्रयास किया गया है। यदि उनमें कुछ खामियाँ रह गई हैं तो उसे सुधारकर आगे के सत्र में और भी बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा। आख्या के साथ स्थानीय समाचार पत्रों मे प्रकाशित सूचनाएँ एवं छाया चित्र संलग्न है।

सधन्यवाद।

फोटोग्राफ–

पेपर न्यूज–

प्राचार्य
**प्रो0 एम0 ए0 गौरी**

**डॉ0 जगजीवन राम**
कार्यक्रम अधिकारी (रा0से0यो0)
राजकीय पी0जी0 कॉलेज
बिलासपुर (रामपुर) उ0प्र0

# NSS 2016-17 REPORT

सेवा　　　समर्पण　　　संकल्प

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

बिलासपुर (रामपुर)

### राष्ट्रीय सेवा योजना

मान्यवर,

अत्यन्त हर्ष के साथ आपको सूचित किया जाता है कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाविद्यालय की 'राष्ट्रीय सेवा योजना' की इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन–रात)

### "कौशल विकास हेतु युवा"

का आयोजन दिनांक 03–02–2017 से 09–02–2017 तक ग्राम सनकरा, तह. बिलासपुर, जनपद रामपुर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन दिनांक 03–02–2017 को मध्याह्न 12:00 बजे महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती डॉ० सुनीता शर्मा के कर–कमलों द्वारा होगा।

अतः आप से निवेदन है कि उक्त अवसर पर उपस्थित होकर शिविरार्थियों, ग्रामीणजनों एवं आयोजकों का उत्साहवर्धन कर अनुग्रहीत करें।

विनीत :

**डॉ० सुनीता शर्मा**
प्राचार्या/संरक्षक
मो० 9759821667

**डॉ० जगजीवन राम**
कार्यक्रम अधिकारी (रा.से.यो.)
मो० 9410267556

### बौद्धिक गोष्ठी कार्यक्रम विवरण विशेष शिविर (दिन-रात)

| दिनांक/दिन/समय | कार्यक्रम विवरण | सम्मानित प्रतिनिधि एवं अतिथिगण |
|---|---|---|
| 03–02–2017 शुक्रवार दोपहर 12:00 बजे | सौहार्द एवं कौमी एकता दिवस (मुख्य अतिथि द्वारा शिविर का उद्घाटन) | **डॉ० सुनीता शर्मा** प्राचार्या राज० स्ना० महाविद्यालय बिलासपुर (रामपुर) |
| 04–02–2017 शनिवार अपराह्न 2:00 बजे | कौशल विकास हेतु युवा समाज सेवा में युवाओं का योगदान मतदाता जागरुकता | **डॉ० अवतार दीक्षित** सहा० प्राध्यापक–वाणिज्य **डॉ० शिव ओम शर्मा** सहा० प्राध्यापक–गणित |
| 05–02–2017 रविवार अपराह्न 2:00 बजे | दैनिक जीवन में विज्ञान सूचना सम्प्रेषण तकनीकी एवं आकाशवाणी जल संरक्षण | **डॉ० विजय कुमार तिवारी** सहा० प्राध्यापक–वाणिज्य **डॉ० हेमन्त कुमार** सहा० प्राध्यापक–गणित |
| 06–02–2017 सोमवार अपराह्न 2:00 बजे | स्वच्छ भारत शिक्षित भारत सड़क सुरक्षा अंधविश्वासों की वैज्ञानिक व्याख्या | **डॉ० बी० नाज,** एसो० प्राध्यापक–संस्कृत **डॉ० सरस्वती,** सहा० प्राध्यापक–अर्थशास्त्र **डॉ० विजय कुमार,** सहा० प्राध्यापक–जन्तु विज्ञान |
| 07–02–2017 मंगलवार अपराह्न [illegible]00 बजे | नारी शिक्षा एवं सम्मान भारतीय संविधान व हमारे कर्तव्य सर्व शिक्षा अभियान | **डॉ० नीलिमा सिंह,** सहा० प्राध्यापक–शारी.शि. एवं खेल–कूद **डॉ० राकेश चन्द्र,** सहा० प्राध्यापक–राज.विज्ञान **श्री एन.पी. श्रीवास्तव,** खण्ड शि.अधि., बिलासपुर |
| 08–02–2017 बुधवार अपराह्न 2:00 बजे | प्राथमिक चिकित्सा होम्यो. चिकित्सा नेत्र चिकित्सा एवं मनो विज्ञान | **डॉ० के. बी. सिंह,** पू. प्र. चिकित्साधिकारी, बिलासपुर **डॉ० निशा वर्मा,** सहा० प्राध्यापक–वनस्पति विज्ञान **डॉ० अरविन्द उपाध्याय,** सहा० प्राध्यापक–हिन्दी |
| 09–02–2017 बृहस्पतिवार दोपहर 12:00 बजे | संकल्प दिवस (शिविर समापन) | **डॉ० सुनीता शर्मा** प्राचार्या–राज० स्ना० महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) **डॉ० मनवीर सिंह,** मु. अतिथि कार्यक्रम समन्वयक रा. सेवा योजना (एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली) |

**विशेष : शैक्षिक संगोष्ठी, रात्रि 8:00 बजे से 9:00 बजे तक**

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर–रामपुर (उत्तर प्रदेश)

## राष्ट्रीय सेवा योजना

### (सत्र– 2016–17)

# वार्षिक आख्या

प्राचार्या,
डॉ0 सुनीता शर्मा

कार्यक्रम अधिकारी
डॉ0 जगजीवन राम

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर, रामपुर।
# राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई)

## वार्षिक आख्या वर्ष 2016–17

राजकीय स्नातकोत्तर बिलासपुर सैंजनी नदी के किनारे स्थित ग्राम पंचायत खूंटाखेडा के मझरा कुआंखेडा की आबादी पर सन् 1997 से छात्र/छात्राओं को विकास के साथ–साथ अन्य गतिविधियों में अग्रणी है। महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं के सर्वागीय विकास हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना की एक इकाई भी संचालित की जा रही है। इस इकाई में 100 स्वयं सेवक एवं सेविकाऐं पंजीकृत हैं जिसमें 44 स्वयं सेवक व 56 स्वयं सेविकाएं शामिल हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम रसायन विज्ञान विभाग के नेतृत्तव में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं जिनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैः–

इस सत्र में ग्राम सनकरा तह0 बिलासपुर–रामपुर को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सामान्य एवं विशेष शिविर को संचालित करने के लिए चयनित किया गया। जिसकी दूरी महाविद्यालय से लगभग 9 किमी0 पश्चिम दिशा में है यह गांव शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं आर्थिक दृष्टि से काफी पिछडा हुआ है। 15 अगस्त 2016 को स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वयं सेवक एवं सेविकाओं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 सुनीता शर्मा द्वारा झण्डात्तोलन के पश्चात् उन्नति शर्मा, रंगोली तिवारी, रजनी, आरती चौहान, नन्द किशोर यादव व उन्सा खानम ने भक्ति गीत (ये मेरे वतन के लोगो एवं दीपाली गंगवार ने ''हम होगें कामयाब, हम होगें कामयाब'' रोहित गंगवार ने ''जहां डाल–डाल पर सोने की चिड़िया करती हैं रैन बसेरा'' जैसे देशभक्ति गीतों के माध्यम से हमें अपने देश की गरिमा एवं आजादी का आभास कराया। वहीं अमित यादव, मुकेश कुमार, मंजीत सिंह, गुरूमुख सिंह, विरेन्द्र सिंह, आदिल खां ने समाजको खोखला कर रही बेरोजगारी, भ्रष्टाचार एवं गरीबी जैसी समस्याओं पर खुल कर अपने विचार रखे। इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम के साथ ही हिन्दी के असि0 प्रो0 डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय एवं समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

23 सितम्बर 2016 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के अनुक्रम में उपजिला अधिकारी बिलासपुर की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में तहसीलदार बिलासपुर ने जनवरी 1999 से पूर्व की जन्मतिथि वाले जिनकी आयु 01 जनवरी 2017 को 18 वर्ष हो जायेगी को अपना मतदान हेतु पंजीकरण कराने पर बल दिया। उपजिला अधिकारी के निदेशन में कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना) द्वारा छात्र/छात्राओं को मतदान के पंजीकरण हेतु फार्म–6 का वितरण किया गया।

24 सितम्बर 2016 को महाविद्यालय में एन0एस0एस0 दिवस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम ने महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले नये छात्र/छात्राओं के साथ ही पुराने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि एन0एस0एस0 किस तरह से हमें शिक्षा के साथ–साथ समाज सेवा करने का मौका प्रदान करता है। साथ ही उन्होंने यह भी बाताया कि एन0एस0एस0 सिर्फ हमें समाज या राष्ट्रसेवा का ही साधन नहीं देता बल्कि इसके साथ–साथ हमारे कैरियर के विकास में भी सहायक है। इस कार्यशाला में लगभग 100 से अधिक छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे।

28 सितम्बर 2016 को चुनाव आयोग के निर्देशन में महाविद्यालय में ***''राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का योगदान''*** विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 सुनीता शर्मा ने की, संगोष्ठी में छात्रों में विपिन कुमार, सलमान शाह, मोहित कुमार, रूप किशोर, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार छात्राओं में बलजिन्दर कौर, रंगोली तिवारी, तैय्यवा आदि विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर डॉ0 बी0 नाज, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 अरविन्द उपाध्याय, डॉ0 विजय कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 जगजीवन राम ने किया।

2 अक्टूबर 2016 को एन0एस0एस0 के तत्वाधान में गाँधी जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य महोदया के साथ ही कार्यक्रम अधिकारी ने गाँधी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। रेनू शर्मा, नूनम कुमारी, अंजू कुमारी, रजनी, एवं समन सैफी के द्वारा बड़े सुन्दर ढंग से ''रघुपति राघव राजा राम'' पेश किया गया। तत्पश्चात् महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग के असि0 प्रो0 डॉ0 अवतार दीक्षित, राजनीति शास्त्र के डॉ0 राकेश चन्द्र ने गाँधी जी के विचारों को स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एन0एस0एस0 के सेवार्थियों के साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य तथा कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य प्राध्यापकों ने महाविद्यालय परिसर में झाडू लगाकर अपने आस–पास को साफ सुथरा रखने का सन्देश दिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम ने किया, अन्त में प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

18 अक्टूबर 2016 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के अनुक्रम में प्राचार्या डॉ0 सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक ***''राष्ट्र के निर्माण में मतदाता की भूमिका''*** रहा। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं में राहुल, अनिल कुमार, नरेन्द्र कुमार, निधि कुमारी, उनसा खानम, उन्नति शर्मा, रंगोली तिवारी, साहिबा बी, तैय्यवा, नन्दकिशोर, सुखवीर आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

22 अक्टूबर 2016 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर–रामपुर में चुनाव आयोग के अनुपालन में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 सुनीता शर्मा ने हरी झण्ड़ी दिखाकर किया। रैली महाविद्यालय परिसर से ग्राम कुआँखेडा होते हुए अमरदीप होटल तक पहुंची। छात्र/छात्राओं ने हाथों में चुनाव स्लोगन पट्टिकाएं लेकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा शिविरार्थियों/ छात्र/छात्राओं तथा ग्राम वासियों को मतदान करने की शपथ भी दिलायी। इस विशाल मतदाता जागरूकता रैली में उन्सा खानम, भारती सागर, कु0 निधि, कु0 हिमांशु, प्रगति राणा, मंजू कुमारी, नन्दकिशोर, सुखवीर यादव आदि का विशेष योगदान रहा। प्राचार्या ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी ग्राम वासियों को मतदान करना आवश्यक होता है, उन्होने यह भी कहा कि मतदान के समय कोई भी ग्रामवासी किसी भी तरह के प्रलोभन में ना आये और निष्पक्ष मतदान करे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों में डॉ0 बी0 नाज, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 सरस्वती, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 विजय कुमार तिवारी, डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 शिवम शर्मा, डॉ0 विजय कुमार, डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय, श्री पृथी सिंह, श्री ओमप्रकाश, श्री भूपेन्द्र, श्री मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे। रैली का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम व डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय ने किया।

26 अक्टूबर 2016 को जिला अधिकारी रामपुर के निर्देश के अनुपालन में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर तथा खालसा कन्या महाविद्यालय बिलासपुर द्वारा संयुक्त राष्ट्रीय महिला

मतदाता जागरूकता एवं मतदाता पंजीकरण मेला पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि उपजिला अधिकारी बिलासपुर डॉ0 डी0एस0 गुप्ता रहे। संगोष्ठी में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की छात्राओं में कु0 रंगोली तिवारी, प्रगति राणा, उन्नति शर्मा, तैय्यवा अली, राबिया बी, साहिबा बी, मंजू कुमारी प्रजापति, रजनी तथा खालसा कन्या महाविद्यालय की छात्रा साजिया शकील ने महिला मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपने–अपने विचार प्रस्तुत किये। वहीं खालसा कॉलेज के चेयरमैन श्री बल्देव औलख ने महिला मतदाताओं के पंजीकरण पर विशेष जोर दिया। इसी क्रम में तहसीलदार बिलासपुर ने भी महिला मतदाता पंजीकरण पर अपने विचार प्रस्तुत किये। रजिस्ट्रार कानूनगो श्री ओमप्रकाश ने महिलाओं को मतदाता पंजीकरण कराने में सहयोग करने को कहा। छात्राओं में प्रथम स्थान उनसा खानम तथा द्वितीय स्थान तैय्यवा अली व तृतीय स्थान साहिबा बी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन रसायन विज्ञान प्राध्यापक व एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी जगजीवन राम ने किया।

प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक 1041/70–1–2016 दिनांक 21 अक्टूवर 2016 के अनुसार मानव संसाधन विकास मन्त्रालय भारत सरकार के परिपत्र संख्या– सी0 30021/09/2017–CDN दिनांक 14.10.2016 के अनुपालन में महाविद्यालय में दिनांक 31 अक्टूबर 2016 से दिनांक 06 नवम्वर 2016 तक राष्ट्रीय एकता सप्ताह मनाया गया जिसकी अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 सुनीता शर्मा द्वारा की गयी और स्वयं सेवक सेविकाओं ने राष्ट्रीय एकता बनाये रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम अधिकारी ने शिविरार्थियों को राष्ट्र की एकता व अखण्डता के वारे में विस्तृत जानकारी दी।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिनांक 17.10.2016 के अनुपालन में दिनांक 01 नवम्बर 2016 से 15 नवम्बर 2016 तक महाविद्यालय में 01 नवम्बर 2016 से 15 नवम्बर 2016 तक (स्वच्छ भारत पखवाड़ा) मनाने का आदेश किया गया था जिसे महाविद्यालय के शिविरार्थियों ने स्वच्छता का संकल्प लेकर पखवाड़े को सफल बनाया।

5 नवम्बर 2016 को ''कौमी एकता दिवस'' के रूप में मनाया गया इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवक/सेविकाओं ने भी अपने विचार रखे जिसमें शशि कुमारी, सन्तरेश, राजकुमारी, मैराज जहां, निधि कुमारी आदि ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 सुनीता शर्मा ने की। इस अवसर पर जन्तु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ0 विजय कुमार, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ0 निशा वर्मा, भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ0 उपदेश वर्मा, गणित विभागाध्यक्ष डॉ0 शिवओम शर्मा व सहायक प्राध्यापक डॉ0 हेमन्त कुमार, हिन्दी के असि0 प्रो0 डॉ0 अरविन्द उपाध्याय, संस्कृत की एसो0 प्रो0 डॉ0 श्रीमती बी0 नाज़, राजनीतिक शास्त्र के असि0 प्रो0 डॉ0 रमेश चन्द्र, शारीरिक शिक्षा विभाग (क्रीडा प्रभारी) डॉ0 श्रीमती नीलिमा सिंह, वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ0 अवतार दीक्षित एवं असि0 प्रो0 डॉ0 विजय कुमार तिवारी, अर्थ शास्त्र प्रभारी डॉ0 श्रीमती सरस्वती, आदि उपस्थित रहे। राजनीति शास्त्र के असि0 प्रो0 डॉ0 राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन डॉ0 जगजीवन राम ने किया।

30 नवम्बर 2016 को ग्राम सनकरा (बिलासपुर) में प्रथम एकदिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शिविरार्थियों ने ग्राम वासियों की समस्याओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। शिविरार्थियों ने टोली बनाकर गाँव की साफ–सफाई, पानी की निकासी, प्राथमिक विद्यालय सनकरा में बच्चों की उपस्थिति तथा मध्याह्न भोजन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की तथा ग्रामवासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम के साथ डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय असि0 प्रो0 हिन्दी भी उपस्थित रहे।

1 दिसम्बर 2016 को ''विश्व एड्स दिवस'' के रूप में मनाया गया, जिसमें शिविरार्थियों के बीच पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में प्रथम–कु0 हिमांशु द्वितीय– रंगोली तिवारी और तृतीय स्थान– इरम बी, ने प्राप्त किया। टीम में महाविद्यालय प्राचार्य के साथ एवं डॉ0 नीलिमा सिंह शारीरिक शिक्षा विभाग शामिल रहे। कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेवक एवं सेविकाओं का उत्साह वर्धन किया।

03 दिसम्बर 2016 को कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम के नेतृत्व में द्वितीय एवं दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम सनकरा, बिलासपुर (रामपुर) में किया गया, जिसमें स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने पाँच–पाँच की टोलियां बनाकर सरकार से मिलने वाली सरकारी सुविधाओं से सम्बन्धित सर्वेक्षण किया जिसमें सबसे अधिक शिकायत राशन न मिलने की आई।

10 दिसम्बर 2016 को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य वक्ता डॉ0 विजय कुमार जन्तु विज्ञान रहे। अध्यक्षता प्राचार्य एवं संचालन कार्यक्रम अधिकारी ने किया।

18 दिसम्बर 2016 को कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में तृतीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम सनकरा बिलासपुर में किया गया जिसमें स्वयंसेवक सेविकाओं ने टोलियां बनाकर सरकार से मिलने वाली सरकारी सुविधाओं से सम्बन्धित सर्वेक्षण किया एवं सबसे अधिक शिकायत राशन न मिलने की आयी।

12 जनवरी 2017 को युवा दिवस के अवर पर एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें शिविरार्थियों ने खुलकर अपने विचार रखे एवं स्वामी विवेकानन्द के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके द्वारा बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिये।

23 जनवरी 2017 को प्रथम– **''भारत मेरी दृष्टि में''**, द्वितीय– **''मानवता सबसे बड़ा धर्म है''** विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता कराई गयी, जिसमें प्रथम स्थान पर शिवानी कश्यप बी0कॉम प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर पूजा बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान पर कु0 ज्योति बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष रहीं।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम के नेतृत्व में 30 जनवरी 2017 को शहीद दिवस के रूप में मनाते हुए स्वयं सेवक एवं सेविकाओं के द्वारा बापू की याद में 2 मिनट का मौन रख कर महात्मा गाँधी को श्रद्धांजली अर्पित की गई।

18 जनवरी 2017 को तृतीय एक दिवसीय शिविर के अवर पर शिविरार्थियों ने चयनित गाँव में कुछ ऐसे परिवारों को चिन्हित किया जो बेहद ही गरीब हैं तथा जिनके परिवार में कोई कमानेवाला नहीं है, उनके बीच कपड़े एवं खाने–पीने की सामग्री का वितरण किया गया।

25 जनवरी 2017 को मतदाता जागरूकता दिवस के अवसर पर जिला सचिव कोडिनेटर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर प्रशासन के साथ–साथ महाविद्यालय परिवार के लोग भी शामिल रहे।

28 फरवरी 2017 को चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम के नेतृत्व में स्वयं सेवक एवं सेविकाओं के साथ अन्य लोगों से सुरक्षित यातायात का संकल्प लिया तथा बाइक चलाते हुए हैलमेट पहनने, दो से अधिक सवारी न बैठाने एवं ज्यादा तेज गति से बाइक न चलाने का संकल्प लिया गया।

## विशेष शिविर

सत्र 2016–17 के सात दिवसीय विशेष शिविर (03 फरवरी 2017 से 09 फरवरी 2017) तक ग्राम सनकरा बिलासपुर (रामपुर) में आयोजित किया गया। सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रथम दिन कॉलेज प्राचार्य डॉ0 सुनीता शर्मा द्वारा विशेष शिविर का उद्‌घाटन किया गया। इस अवसर पर

बिलासपुर के पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ0 के0बी0सिंह के साथ ही दि न्यू अर्बन को–आपरेटिब बैंक (मिलक) के कैशियर श्री सुरेश कुमार तथा डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय सह0 कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 विजय कुमार, डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 शिवओम शर्मा, डॉ0 सरस्वती, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 बी0 नाज़, डॉ0 विजय कुमार तिवारी आदि उपस्थित रहे। ग्राम सनकरा के प्रधान–अय्यूब अली तथा हिन्दुस्तान के संवाददाता एवं नबाब खान ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय ने किया।

आज दिनांक 04.02.2017 को राजकीय पी0जी0 कॉलेज बिलासपुर (रामपुर) के राष्ट्रीय योजना का सात दिवसीय विशेष सिविर ग्राम सनकरा के प्राथमिक विद्यालय में चल रहा है। शिविर के दूसरे दिन प्रातः शिविरार्थियों द्वारा सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना गीत, ''हम होंगे कामयाब'' और ''सारे जहाँ से अच्छा'' गीत प्रस्तुत किये गय इसके बाद शिविरार्थियों को टोलियों में विभक्त कर सभी को कार्यों की जिम्मेदारी दे दी गयी। शिविरर्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता दिवस मनाया गया, शिविरार्थियों ग्राम सनकरा में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया। रंगोली बनाने में एकता टोली, नारालेखन में राष्ट्रीय टोली तथा भोजन व्यवस्था में मदर टेरेसा टोली ने भाग लिया। आर्मी टोली, शहीद भगत सिंह टोली और कल्पना चावला टोली ने भी परिसर की साफ–सफाई की। और अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। इसके पश्चात् कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम और डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में शिविरार्थियों द्वारा एक जागरूक रैली प्राथमिक विद्यालय सनकरा से भ्रमण करती हुई थाना भोट तक निकाली। शिविरार्थियों ने ग्राम वासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। कुछ शिविरार्थी ने गाँव में जाकर ग्राम वासियों को सफाई, साक्षरता, पर्यावरण आदि के विषय में जागरूक किया। अपराहन 2 बजे एक बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका शीर्षक–**''कौशल विकास हेतु युवा अर्थात् समाज सेवा में युवाओं का योगदान''** था।

शिविरार्थियों में ओम निवास रस्तोगी,
राम सिंह, अखिलेश कुमार, हेमन्त कुमार, बादशाह, उन्नति शर्मा, प्रगति राणा, रजनी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम ने युवाओं को समाज में योगदान पर विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय ने किया।

शिविर के दूसरे दिन दिनांक 05.02.2017 को प्रथम सत्र में शिविरार्थियों ने जलपान के बाद गाँव में श्रमदान किया तथा गाँव वालों को भी साफ–सफाई से रहने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें साफ–सफाई से रहने का महत्व बताया। शिविरार्थियों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण व वर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी।

द्वितीय सत्र में भोजन करने के बाद **''कौशल विकास हेतु युवा''** विषय पर बौद्धिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता वाणिज्य के असि0 प्रो0 डॉ0 विजय कुमार तिवारी आदि उपस्थित रहे संचालन डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय ने किया।

विशेष शिविर के तीसरे दिन 06.02.2017 को प्रथम सत्र में शिविरार्थियों ने श्रमदान किया और ग्रामीणों को स्वयं के श्रम का महत्व बताया। सर्वप्रथम सवेरे कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम एवं हिन्दी विभाग के डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में पेमपुर प्राथमिक विद्यालय तक जागरूक रैली निकाल कर ग्रामीणों को सफाई, साक्षरता, नारी शिक्षा, बाल शिक्षा एवं पर्यावरण के विषय में ग्रामवासियों को विशेष जानकारी दी। टोलियों में विभक्त मदर टैरेसा टोली ने रंगोली, राष्ट्रीय टोली और आर्मी टोली ने नारा लेखन, कल्पना चावला टोली ने भोजन व्यवस्था, एकता टोली ने सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी का निर्वाहन किया। दूसरे सत्र में सम्प्रेषण, तकनीकी एवं आकाशवाणी विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ए0पी0 सक्सैना तथा डॉ0 अवतार

दीक्षित वाणिज्य विभाग डॉ0 राकेश कुमार, राजनीति शास्त्र विभाग ने अपने विचार स्वयंसेवियों के समक्ष विचार प्रस्तुत किये। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम ने किया।

विशेष शिविर के चौथे दिन दिनांक 07.02.2017 को समन्वयक डॉ0 मनवीर सिंह जी के नेतृत्व में रात्रि साढ़े नौ बजे राजकीय स्तानकोत्तर महाविद्यालय द्वारा सनकरा में चल रहे कैम्प का गहन निरीक्षण किया शिविर में सभी शिविरार्थी उपस्थित रहे। शिविर की व्यवस्था को देखकर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कोआर्डिनेटर डॉ0 मनवीर सिह ने शिविर की काफी प्रशंसा की। शिविरार्थियों द्वारा एक रैली निकाली गयी, रैली प्राथमिक विद्यालय सनकरा से भ्रमण करती हुई पेमपुर पहुँची। वहाँ शिविरार्थियों द्वारा श्रमदान कर ग्रामवासियों को जागरूक किया।

द्वितीय सत्र में चर्चा का विषय रहा, प्राथमिक चिकित्सा होम्यो चिकित्सा बीमारी एवं बचत पर, हिन्दी विभाग के डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय ने शिविरार्थियों को विशेष जानकारी दी। डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 शिव ओम शर्मा, डॉ0 विजय कुमार तिवारी, डॉ0 उपदेश वर्मा, डॉ0 सर्वेश कुमार त्रिपाठी, डॉ0 बी0 नाज़, डॉ0 नीलिमा सिंह आदि उपस्थित रहे।

पाँचवे दिन दिनांक 08.02.2017 को शिविरार्थियों ने महिलाओं को अपना हस्ताक्षर कराना सिखाया, उस दिन साक्षरता पर शिविरार्थियों ने विशेष जोर दिया। ग्राम सनकरा के ग्राम प्रधान श्री अय्यूव खां ने शिविरार्थियों की प्रशंसा की। आज का विषय प्राथमिक चिकित्सा, नेत्र चिकित्सा तथा हौमोपैथिक रहा। आज की संगोष्ठी के मुख्य अतिथि पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ0 के0बी0 सिंह, सर गंगाराव हॉस्पिटल बिलासपुर रहे। जिन्होंने शिविरार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

द्वितीय सत्र में शिविरार्थियों ने नारी शिक्षा और सामान्य सर्वे शिक्षा पर अपने–अपने विचार रखे। आज के विशिष्ट प्रवक्ता प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री श्री सतीश कुमार गिरोह जी रहे। जिन्होंने ग्रामीणों को पर्यावरण तथा बालिका शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

शिविरार्थियों ने ग्रामीणों से साफ–सफाई की और शिविरार्थियों द्वारा ग्राम पंजाब नगर का सर्वे कर शिक्षा एवं स्वास्थ्य का आकलन किया तथा ग्रामीणों को जागरूक किया। संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 जगजीवन राम ने किया।

दिनांक 09.02.2017 को शिविर समापन समारोह की अध्यक्षता कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ0 बी0 नाज द्वारा की गयी व विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सनकरा के प्रधान श्री अय्यूव खां रहे। शिवरार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। जिसमें कु0 रंगोली तिवारी बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सवका मन मोह लिया। विरेन्द्र बी0ए0 प्रथम वर्ष व रजनी बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष ने पति/पत्नी के रूप में एक नाटक प्रस्तुत किया। कु0 आरती चौहान बी0ए0 प्रथम वर्ष व अनिल कुमार बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष ने एक घरेलू नाटक प्रस्तुत किया।

शिविरार्थियों में रोहित कुमार गंगवार ने दहेज प्रथा पर अपने विचार व्यक्त किये, शिविरार्थियों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सभी को मन्त्र मुग्ध कर दिया तथा कुछ स्वयंसेवकों ने एकांकी नाटक किये जो काफी प्रशसनीय रहे। सबसे विशिष्ठ स्वयंसेवक/स्वयंसेविका वीरेन्द्र कुमार बी0कॉम द्वितीय वर्ष, उन्नति शर्मा बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष रहीं। जिनको शाखा प्रबन्धक द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता में चयनित सर्वोत्तम चयनित स्वयं सेवक एवं सेविकाओं को भी पुरस्कृत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी के साथ ही महाविद्यालय परिवार से डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 विजय कुमार तिवारी, डॉ0 शिव ओम शर्मा, डॉ0 बी0 नाज़, डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 सरस्वती, तथा महाविद्यालय के कनिष्ठ लिपिक श्री ओमप्रकाश, बरिष्ठ लिपिक– श्री पृथ्वी सिंह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में, श्री गिरीश कुमार, श्री मनोज कुमार, श्री भूपेन्द्र पाठक, श्री नीरज तथा श्री सुशील कुमार उपस्थित रहे। अन्त में

मुख्य अतिथि एवं कॉलेज की प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ व आगन्तिकों तथा शिविरार्थियों का कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम ने आभार व्यक्त किया।

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आज दिनांक 14 अप्रैल 2017 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती मनायी गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 सुनीता शर्मा द्वारा इनके चित्र पर माल्र्यापण कर पुष्प अर्पितत किये। छात्र/छात्राओं में समन सैफी, मेहबूबा खान, निधि कुमारी, दीपाली गंगवार, रंगोली तिवारी, नन्द किशोर, अनिल कुमार आदि ने बाबा साहब के जीवन दर्शन पर विचार प्रस्तुत किये इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों में सर्व श्री डॉ0 बी नाज, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय, डॉ0 विजय कुमार तिवारी, डॉ0 विजय कुमार, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ0 राकेश चन्द्र, डॉ0 अवतार दीक्षित ने भी बाबा साहब के विचारों से छात्र/छात्राओं को अवगत कराया। वहीं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम ने परम पूज्य बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर को संविधान निर्माता व प्रथम कानून मन्त्री तथा गरीबों, शोसतों तथा महिलाओं को वोट का अधिकार प्राप्त कराने में अहम भूमिका अदा करना वताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अरविन्द कुमार उपाध्याय व एन0एस0एस0 तिवारी ने किया।

दिनांक 05 जून 2017 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम के नेतृत्व में पर्यावरण दिवस मनाया गया तथा महाविद्यालय में शिविरार्थियों ने वृक्षारोपण किया तथा शिविरार्थियों ने पर्यावरण से सम्बन्धित श्लोगन लिखे तथा पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें एक निबन्ध प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी।

शासन के पत्रांक सं0 15—01/रा0/से0/योजना/क्षेक/लख/2016—17 दिनांक 13 अप्रैल 2017 के अनुसार दिनांक 21 जून 2017 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक/प्राध्यापिकाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया व शिविरार्थियों द्वारा योग के विभिन्न स्टेप्स कर योग दिवस को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी प्राध्यापकों, शिविरार्थियों आदि का आभार व्यक्त किया।

इस प्रकार उपर्युक्त गतिविधियों के द्वारा सत्र 2016—17 के सामान्य एवं विशेष शिविरों का आयोजन किया गया तथा महाविद्यालय स्तर पर मतदाता जागरूकता रैली, संगोष्ठी आयोजित की गयीं। सीमित संसाधनों द्वारा कार्यक्रम को बेहतर करने का प्रयास किया गया है। यदि उनमें कुछ खामियाँ रह गई हैं तो उसे सुधारकर आगे के सत्र में और भी बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा। आख्या के साथ स्थानीय समाचार पत्रों मे प्रकाशित सूचनाएँ एवं छाया चित्र संलग्न है।

सधन्यवाद।

फोटोग्राफ—

पेपर न्यूज—

प्राचार्या
**डॉ0 सुनीता शर्मा**

**डॉ0 जगजीवन राम**
कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय पी0जी0 कॉलेज
बिलासपुर (रामपुर) उ0प्र0